हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026



# झांझ मंजीरों की गूंज के बीच निकली महाकाल की पगड़ी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाशिवरात्रि पर्व पर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल रहा। मंदिरों में सुबह से देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति रही, वही जलाभिषेक हवन पूजन का दौर जारी रहा। इस पावन पर्व पर शहर में झांझ मंजीरों के गूंज के बीच भगवान चंद्रमोलेश्वर की भव्य पगड़ी यात्रा निकाली गई। हर-हर महादेव, बोल बम के जयकारों की गूंज बनी रही।

भगवान भोले नाथ के आराधना का पर्व महाशिवरात्रि पर दोपहर को नंदई चौक से महाकाल पगडी यात्रा प्रारंभ हुई। इस दौरान बडी संख्या में भक्त परंपरागत परिधान में उपस्थित थे। रथ में भगवान चंद्रमोलेश्वर की झांकी एवं पगडी विराजित रहे। यहां विधि विधान से पूजा अर्चना करने के पश्चात शोभायात्रा प्रारंभ हुई।





**धार्मिक कार्यक्रम, भंडारा का आयोजन:** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में कई संस्थाओं द्वारा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा कई स्थानों पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में भक्त शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण किए। दिन भर भगवान शिव भक्ति का माहौल रहा।

### भजनों की गूंज में थिरके भक्त

*बाजे गाजे अघोरियों के दल का नृत्य, पंथी नृत्य, शिव तांडव की भावपूर्ण प्रस्तुति एवं भजनों की प्रस्तुति के साथ शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान पालकी में भगवान चंद्रमोलेश्वर सवार रहे जिन्हें भक्तों ने शहर भ्रमण कराया। इस दौरान शहर के कई स्थानों पर शोभायात्रा मार्ग में समाजसेवियों ने स्वागत पंडाल लगाया हुआ था। जहां शीतल पेय सहित जलपान की व्यवस्था भी शोभायात्रा में शामिल भक्तों के लिए की गई थी। पूरे शोभायात्रा के दौरान हर-हर महादेव, बोल बम के जयकारों की गूंज रही।*

### मंदिरों में अभिषेक, हवन, पूजन



इधर घर व मंदिरों में लोग भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना में जुटे रहे। शहर के महाकाल मंदिर सिंघोला, पाताल भैरवी मंदिर, शीतला मंदिर, बांसपाई पारा शिव मंदिर, रानी सागर किनारे महाकाल मंदिर, मोती नाथ मंदिर, काली माई मंदिर पुराना बस स्टेण्ड, तुलसी पुर शिव मंदिर, मोहारा शिवनाथ नदी तट शिव मंदिर, लालबाग मंदिर, बागेश्वर धाम मंदिर, भानपुरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक बडी संख्या में भक्त भगवान शिव का अभिषेक, पूजा अर्चना, हवन पूजन करने शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### सीईओ ने आवासों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तेंदूनाला, आसरा एवं बोदेला में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया और आवास निर्माण को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने योजना के तहत अप्रारंभ आवास के हितग्राहियों से मिलकर आवास निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया। सीईओ ने ग्राम पंचायत रोजगार सहायक, सचिव, आवास नोडल को अपूर्ण आवास का निरीक्षण करने निर्देशित किया।

### मांय एंगल




### हर एक इंजेक्शन वेल के लिए मिलेगी सवा छह लाख रुपए की राशि

# जलस्तर सुधारने नांदगांव में बनेंगे 7 इंजेक्शन वेल, जिले में दर्जनभर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

### भू-जल संवर्धन के लिए होगा प्रयास, जल्द शुरु होगा काम

लगातार बढ़ते जल संकट को देखते हुए अब प्रदेश सरकार ने एक अहम निर्णय लिया है। जिसके तहत अब प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आधुनिक तकनीक से इंजेक्शन वेल का निर्माण किया जाएगा। इस इंजेक्शन वेल का सीधा असर उस क्षेत्र के भू-जल स्तर पर देखने को मिलेगा। इस प्रयास से जल संकट से निपटने में बहुत हद तक मदद मिलेगी। बताया गया कि राजनांदगांव नगर निगम में जहां सात स्थानों में इसका निर्माण होगा, वहीं जिले के सात निकायों में कुल 14 इंजेक्शन वेल बनाए जाएंगे।

मिली जानकारी के अनुसार सूडा के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी नगरीय निकायों को पत्र भेजकर इंजेक्शन वेल स्थापना के लिए स्थल चयन सहित प्रस्ताव भेजने को कहा था। जिसके बाद सभी निकायों से स्थान चयन कर सूची भेज भी दी गई है। उल्लेखनीय है कि शहरी क्षेत्रों में लगातार गिरते भू-जल स्तर को सुधारने के लिए प्रदेश सरकार बड़ी योजना पर काम शुरू करने जा रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन शहरी के तहत शहर में इनोवेटिव वी-वायर टेक्नोलॉजी आधारित सात इंजेक्शन वेल स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए राज्य शहरी विकास अभिकरण ने नगर निगम से प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए हैं।



### अतिक्रमण मुक्त स्थान का चयन करने निर्देश

नगरीय निकायों में इंजेक्शन वेल के निर्माण से पहले निकायों को स्थल चयन कर भेजने कहा गया था। हालांकि स्थल चयन को लेकर पहले ही निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि चयनित स्थल पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त होना चाहिए तथा वहां पर्याप्त मात्रा में वर्षा जल का भराव संभव हो। प्रस्ताव के साथ एमआईसी का संकल्प संलग्न करना भी अनिवार्य किया गया है। ज्ञात हो कि आधुनिक फिल्ट्रेशन प्रणाली है, जिसमें विशेष स्टेनलेस स्टील स्क्रीन के माध्यम से बारिश के पानी को साफ कर भूमिगत जल स्रोतों तक पहुंचाया जाता है। इससे मिट्टी और ठोस कण रुकते हैं तथा स्वच्छ पानी नीचे जाता है।

### एक यूनिट पर 6.22 लाख रुपए खर्च

सूडा द्वारा जारी मानक प्राक्कलन के अनुसार, एक इंजेक्शन वेल यूनिट की लागत 6.22 लाख रुपए होगी। इसमें तकनीकी कार्यों के साथ-साथ दो वर्षों का रखरखाव खर्च भी शामिल है। इस प्रणाली के माध्यम से वर्षा जल को फिल्टर कर सीधे जमीन में पहुंचाया जाएगा, जिससे बोरवेल रिचार्ज होंगे और पेयजल संकट में कमी आएगी। जिले में इस तकनीक से करीबन 13 इंजेक्शन वेल का निर्माण किया जाना है। बताया गया कि जिले में इस कार्य के लिए करीबन एक करोड़ रुपए की राशि आएगी।

### परकोलेशन टैंकों के बाद अब इंजेक्शन वेल

ज्ञात हो जिले में पहले ही प्रशासन अपने स्तर पर ग्रामीण इलाकों में परकोलेशन टैंकों के निर्माण का काम कर रहा था। बताया गया कि जिले में अब तक कुल 1693 परकोलेशन टैंक का निर्माण किया जा चुका है, जो भूजल रिचार्ज की प्राकृतिक संरचनाओं में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन टैंकों के निर्माण के लिए जीआईएस फ्रैक्चर जोन आइडेंटिफिकेशन जैसी वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिससे जल के प्रवाह और भूजल पुनर्भरण के उपयुक्त स्थलों का चयन किया गया।

# पूर्व सीएम भूपेश ने कहा छत्तीसगढ़ में दो साल से विकास ठप, लोग परेशान



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज जिले के दौरे पर पहुंचे। छुरिया ब्लाक अंतर्गत आदिवासी समाज के भवन लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का शहर के बागेश्वर मंदिर के समीप कांग्रेसजनों ने स्वागत किया।

इस दौरान कमलजीत सिंह पिंटू, प्रज्ञा गुप्ता, अमीत चंद्रवंशी, विशु आजमानी, भोला यादव, पंकज गुप्ता, संदीप जायसवाल, राहुल देवांगन, शैलेष रामटेके, सागर ताम्रकार, संजय साहू, शुभम कसार, तौसिफ गोरी, विक्की साहू सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महाशिवरात्रि की सभी को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वह छुरिया ब्लाक में आदिवासी समाज के भवन लोकार्पण में कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे हैं।

उन्होंने प्रदेश में विकास की रफ्तार को लेकर कहा कि दो वर्ष से यहां विकास कार्य ठप्प है, नगर निगम, पंचायत कहीं भी विकास नहीं हो पा रहा है । उन्होंने कहा कि जनता को राहत नहीं है, बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। वहीं इस सरकार में किसानों को अपनी धान की उपज बेचने पसीने छूट गए। उन्होंने कहा कि कई किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो गए। उन्होंने कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है।

### ट्रेड डील से होगी बर्बादी

मोदी सरकार के केंद्रीय बजट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बजट में कुछ भी नहीं है । वहीं ट्रेड डील से किसानों की कमर टूट जाएगी । खासकर कपास, मक्का, सोयाबीन के किसान इससे प्रभावित होंगे । पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अमेरिका से चारा आएगा जिससे यहां के डेयरी, किसान और टेक्सटाइल बर्बाद हो जाएंगे।

# पटरी पर लौटेगी सफाई व्यवस्था, माने कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



समय पर वेतन नहीं मिलने की वजह से सफाई कर्मचारी 3 दिन से हड़ताल पर चले गए। जिसके चलते शहर की सफाई व्यवस्था बेपटरी हो गई। शहर की सड़कों पर झाड़ू नहीं लगे और कचरा नहीं उठने के चलते शहर के विभिन्न गली, मोहल्ले में कुड़ों का ढेर नजर आने लगा है। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने की वजह से शहर की सफाई व्यवस्था तीन दिनों से ठप पड़ी हुई है। सफाई कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से शहर के लगभग 25 वार्डों में तीन दिनों से सफाई नहीं हो पाई।

सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोलू नायक ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को भुगतान किए जाने आश्वासन दिया गया था। बीते 19 जनवरी को पेमेंट डाल देंगे कहा गया था, लेकिन यह आश्वासन झूठा निकला । कर्मचारी को वेतन नहीं मिलने के चलते हड़ताल किया गया । उन्होंने कहा कि आज नगर निगम में अधिकारियों के साथ बैठक हुई है, जिसमें कल नियमित कर्मचारियों के दो माह दिसंबर और जनवरी का वेतन डालने का आश्वासन दिया गया है । जिसके बाद हड़ताल समाप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि ठेका श्रमिकों को भी ठेकेदार को बुलाकर जल्द वेतन भुगतान का आश्वासन दिया गया है।

**बार-बार वेतन का संकट**

स्वच्छता अभियान के लिए शहर को बेहतर रैंकिंग दिलाने नगर निगम के द्वारा शहर में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही जा रही है । वहीं दूसरी ओर नगर निगम में सफाई कर्मचारियों को बार-बार वेतन देने लाले पड़े हुए हैं, ऐसे में सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से स्वच्छता सर्वेक्षण पर इसका असर दिखाई दे सकता है।

### पांच माह से नहीं मिला वेतन

नगर निगम में नियमित सफाई कर्मचारियों को पिछले दो माह से वेतन भुगतान नहीं किया गया है, तो वही प्लेसमेंट सफाई ठेका श्रमिकों को लगभग 5 माह से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। जिसके चलते सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे। बीते दिनों भी वेतन की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों के द्वारा नगर निगम में कांग्रेस नेताओं के साथ प्रदर्शन किया गया, लेकिन सफाई कर्मचारियों को वेतन देने केवल आश्वासन ही मिला था। इसके बाद वेतन नहीं मिलता देख सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर दिया।

# तापमान पहुंचा 33 डिग्री के करीब फरवरी में होने लगी मार्च जैसी तपन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अंचल में तापमान में लगातार वृद्धि का दौर जारी है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान चढ़कर 33 डिग्री के करीब पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि के बाद वह 15 डिग्री के आसपास पर है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में इजाफा का यह दौर आगे भी जारी रहेगा। जिससे न केवल दिन में गर्मी का अहसास होने लगा है, बल्कि रात से भी ठंड गायब हो गई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, अभी राज्य में कोई खास वेस्टर्न डिस्टर्बेंस या साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव नहीं है। इसी वजह से बादलों की आवाजाही नहीं हो रही है और मौसम स्थिर बना हुआ है। अगले दो से तीन दिनों तक यही हालात रहने की उम्मीद है। मौसम नॉर्मल बना हुआ है, दिन में हल्की गर्मी और सुबह-शाम ठंड रहेगी। फिलहाल कोई चेतावनी या अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

# महीनेभर से फरार लूट का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



लूट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। इस मामले में एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा चुकी है।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 18जनवरी को दोपहर लगभग 1 बजे वह अपने साथी के साथ अपनी मोपेड से मोहारा शराब भट्ठी शराब खरीदने गया था। उसी दौरान दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा प्रार्थी को अश्लील गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्का एवं गमछे में बंधे पत्थर से मारपीट कर जान से खत्म करने की धमकी दी तथा प्रार्थी के हाथ में रखे 200 रूपये एवं पर्स में रखे 3000 रूपये नगद तथा अन्य दस्तावेज लूटकर फरार हो गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 296, 115(2), 351(2), 309(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### घेराबंदी कर पकड़ा

इस मामले में निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में आरोपी की तलाश हेतु टीम गठित की गई। पता तलाश के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी देव यदु 23 वर्ष मोहारा भट्ठी के पास घूम रहा है। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने साथी सौरभ मानिकपुरी के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को जिला जेल दाखिल किया गया। इस मामले में सौरभ मानिकपुरी को पूर्व में ही गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

### प्रदेश सरकार के वित्त विभाग ने सभी जिलो को जारी किए थे निर्देश

# फिजूलखर्ची पर रोक, नई खरीदी पर 31 मार्च तक प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर



प्रदेश की साय सरकार के वित्त विभाग ने आदेश जारी करते हुए अब सभी विभागों को नई खरीदी करने पर रोक लगा दी है। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि जरूरी सेवाओं को छोड़कर कोई भी विभाग 15 फरवरी से 31 मार्च तक नई खरीदी नहीं कर सकेगा, हालांकि कुछ विभागों को इस आदेश से राहत दी गई है, जिनमें दवा-आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण आहार सहित लेखन सामग्री के लिए पांच हजार रुपए तक की छूट शामिल है।

मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य की वित्तीय स्थिति को संतुलित बनाए रखने के लिए शासकीय खरीदी पर अस्थायी रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध 15 फरवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि में सामान्य परिस्थितियों में किसी भी प्रकार की शासकीय खरीदी नहीं की जा सकेगी। हालांकि, जरूरी होने पर संबंधित विभाग वित्त विभाग की पूर्व अनुमति लेकर खरीदी कर सकेंगे। इस संबंध में वित्त विभाग ने आदेश जारी कर सभी विभागों को निर्देशित किया है। जारी आदेश में बताया गया है कि, हर वित्तीय वर्ष के अंतिम महीनों में यह देखने में आता है कि कई विभाग केवल बजट इस्तेमाल करने के उद्देश्य से बिना वास्तविक आवश्यकता के सामग्री और सेवाओं की खरीदी कर लेते हैं।

### अनावश्यक खरीदी पर लगेगी रोक

बजट लैप्स होने से बचाने के लिए अनावश्यक खरीदी की संभावनाओं को देखते हुए यह आदेश जारी किए गए है। जिले में सभी विभागों को इसकी जानकारी दी जा चुकी है।

- डीके सिंह, टीओ, राजनांदगांव

### 15 मार्च से पहले भुगतान जरूरी

आदेश में 15 फरवरी से पहले के क्रय आदेश के भुगतान को लेकर भी डेडलाइन तय कर दी गई है। बताया गया कि वित्त विभाग के निर्देश के अनुसार 15 फरवरी के बाद कोई भी नया क्रय आदेश जारी नहीं किया जाएगा। वहीं 15 फरवरी तक जारी किए गए सभी वैध क्रय आदेशों का भुगतान 15 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा। यदि तय समय-सीमा में भुगतान नहीं किया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

### इन विभागों को राहत

मिली जानकारी के अनुसार शासन ने कुछ आवश्यक मदों को इस प्रतिबंध से छूट दी है। इनमें केंद्र प्रवर्तित, केंद्रीय क्षेत्रीय योजनाएं, विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाएं, केंद्रीय वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान, नाबार्ड, सिडबी, राष्ट्रीय आवास बैंक और विशेष केंद्रीय सहायता से पोषित परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा लोक निर्माण, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और वन विभाग की चालू परियोजनाओं में आगामी एक माह में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री की खरीदी, जेलों, सरकारी अस्पतालों, ईएसआई अस्पतालों, छात्रावास और आश्रमों में भोजन, कपड़ा और दवाइयों की खरीदी को भी छूट दी गई है। आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण आहार के लिए खाद्यान्न की खरीदी, परिवहन, आसवनियों से खरीदी जाने वाली देशी मदिरा, पेट्रोल-डीजल, वाहन मरम्मत, प्रतिस्थापन, 5 हजार रुपए तक की लेखन सामग्री, 5 हजार रुपए तक के अन्य आकस्मिक व्यय और प्रथम अनुपूरक अनुमान के अंतर्गत स्वीकृत प्रावधानों के विरुद्ध क्रय भी प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### सीनियर छात्रों को विदाई

**डोंगरगढ़।** डॉ अम्बेडकर विद्यालय की कक्षा 10 वीं के छात्रों की नवमी के छात्रों ने सामरोह आयोजित कर विदाई दी। प्रभारी प्राचार्य सूर्यवता तूरे ने गौतम बुद्ध, डॉ बाबा साहब अम्बेडकर एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया।मुख्य अतिथि ए ब्राह्मणकर, विशेष अतिथि मनोज गजभिये थे। कार्यक्रम में आर मोहने, बी पोद्दार, एस पटेल, टी भावे, एम गजभिए, डी दुतारा, एच यादव, आर सक्सेना, जे बनाफर, पी बॉम्बडे, पी भास्कर आदि शामिल हुए। छात्राओं ने विदाई गीत, कक्षा 10 वीं के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अविनाश ब्राह्मणकर ने छात्रों को संबोधित किया। अंत में 10 वीं के छात्र-छात्राओं ने साउंड सिस्टम प्राचार्य को गिफ्ट में दिया। संचालन साधना, युक्ता,साक्षी महोबिया ने किया।

### पूर्व सीएम बघेल का आत्मीय स्वागत



**तुमडीबोड।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ग्राम पंचायत जैतगुंडरा में आयोजित महाशिवरात्रि एवं सामाजिक भवन लोकार्पण समारोह में शामिल होने के बाद वापसी में किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मदन साहू के निवास पहुंचे। यहां जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।इस अवसर पर संगठनात्मक मजबूती, किसानों की समस्याओं आदि पर सार्थक चर्चा हुई। इस मौके पर विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, नवाज खान, टीकेश साहू, महेंद्र यादव, विभा साहू, क्रांति बंजारे, गुलाब वर्मा, श्री भंडारी, वीरेंद्र बोरकर, संध्या साहू, डॉ. नरेंद्र साहू, श्रुति शुक्ला, मोहनीश साहू, बद्री शुक्ला, भुनेश्वरी साहू, भुवाल साहू, लीकेश गंधर्व, दया साहू, तुलेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रशिक्षण आयोजित

**राजनांदगांव।** शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम अंतर्गत 9 से 12 फरवरी तक जिला चिकित्सालय में चार दिवसीय आईवायसीएफ (एमएए) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत स्टाफ नर्स एवं नर्सिंग ऑफिसर एवं एएनएम को शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम की जानकारी दी गई। आईवायसीएफ (एमएए) कार्यक्रम जन्म से लेकर 2 वर्ष तक के शिशु स्वास्थ्य एवं विकास के लिए स्तनपान एवं पूरक आहार पद्धति को बढ़ावा दिए जाने वाली एक पहल है। जिसके तहत शिशु को जन्म से एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करवाना, शिशु के शुरू के 6 माह तक केवल मां का ही दूध ही पिलाया जाना व शहद, पानी, अन्य कोई भी पदार्थ नहीं पिलाया जाना चाहिए।

## श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व, गांव गांव में विविध धार्मिक आयोजन

# शिवालयों में उमड़े भक्त, निकली बाबा की बारात, अघोरियों ने लुभाया

## सुबह से शाम तक चला पूजा अर्चना का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धार्मिक नगरी में शिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्ति का माहौल देखने मिला। कई वार्ड में पूजा अर्चना, अभिषेक का आयोजन किया गया। प्राचीन शिव मंदिर, मां बमलेश्वरी समिति द्वारा संचालित तापसी शिव मंदिर, जयस्तंभ चौक शिव मंदिर, भगत सिंह चौक शिव मंदिर में सुबह से भक्त पूजा अर्चना और अभिषेक करने पहुंचने लगे थे।

इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों में भी सुबह से रात तक पूजा अर्चना, भक्ति संगीत का कार्यक्रम हुआ। भगतसिंह चौक निषाद समाज ने भगवान शिव की बारात निकाली।ढोल नगाड़ों एवं शिव आराधना के साथ निकली शोभायात्रा ने पूरे शहर का भ्रमण किया।

शिवरात्रि के अवसर पर शिव महादेव जटाशंकर मंदिर में पूजा का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला पंचायत उपाध्याय किरण साहू, भाजपा नेता परविंदर सिंह मोंटी, विजय ठाकुर, ज्योति बड़वाईक सहित अनेक लोग शामिल हुए।





### गुप्ता बहनों की प्रस्तुति में थिरके लोग

नीचे मंदिर मेला ग्राउंड में तीन दिवसशीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन 14 फरवरी से किया गया। पहले दिन जबलपुर की ख्याति प्राप्त भजन गायिका सुरभि गुप्ता एवं नम्रता गुप्ता ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत मां बमलेश्वरी ट्रस्ट मंदिर के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा, अनिल गट्टानी, कोषाध्यक्ष पीतांबर स्वामी, मंत्री महेंद्र परिहार, सदस्य बबलू शांडील्य, नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, महेंद्र भाई पटेल, हरीश भंडारी, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश बिंदल, गौतम चोपड़ा, संजीव गोमस्ता,सुषमा कोठारी ने मां बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना कर किया। गुप्ता बहनों ने जस गीत, पचरा गीत, ज्योत जवांरा गीत, शिव पार्वती विवाह आदि की मनमोहक झांकी के साथ प्रस्तुत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मेला ग्राउंड में बड़ी संख्या में बच्चों से लेकर बूढ़े तक भक्ति गीतों में झूमते नजर आए। वही अछोली के केसरवानी गुप्ता समाज में जन्मे सुरभि गुप्ता एवं नम्रता गुप्ता को मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के सदस्यों ने डोंगरगढ़ की भांजी के रिश्ते से जोड़ा।

## चोरड़ाधाम में उमड़ा जनसैलाब



**सड़क अतरिया।** महाशिवरात्रि के मौके पर रविवार को शिवालयों में श्रद्धा भक्ति का माहौल रहा। सुबह से शाम तक शिवालयों में श्रद्धालुओ ने शिवलिंग पर फल, फूल, दूध, धतुरा, बेलपत्र, श्रीफल आदि अर्पण कर पूजा अर्चना किया। लोधेश्वर महादेव मंदिर नर्मदा, चोरड़ाधाम, सिद्ध बाबा घिरघोली आदि में महाभिषेक का आयोजन किया गया। प्राचीन डोंगेश्वर महादेव मंदिर चोरड़ाधाम में तीन दिवसीय मेला महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन के पहले दिन शिव भक्तों का सैलाब उमड़ा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना कर अपनी आस्था प्रकट किया। भक्तों के लिए कुंड में स्नान एवं महादेव का दर्शन पूजन के लिए बेहतर व्यवस्था किया गया था।

लोधेश्वर मंदिर एवं सिद्ध बाबा में भी लगा रहा तांता- नर्मदा स्थित लोधेश्वर मंदिर एवं सिद्ध बाबा मंदिर घिरघोली में भी महाशिवरात्रि पर लोगों का तांता लगा रहा। यहां भी हजारों शिव भक्तों ने शिव भगवान की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। आयोजन समिति द्वारा लोधेश्वर मंदिर में भव्य महाभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्त सामिल हुऐ। तत्पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। तथा रामायण पाठ का आयोजन रखा गया था।

### स्नान करने लंबी कतार

चोरड़ाधाम एवं नर्मदा स्थित कुंड में स्नान करने लोगों की लंबी कतार सुबह से लग गई थी। हजारों भक्तों ने कुंड में डुबकी लगाकर शिव अराधना किया। चोरड़ाधाम महाशिवरात्रि मेला में पहले दिन पांच हजार से अधिक लोगों ने मेला का आनंद लिया। मेला में लगी पूजा सामग्री, जलपान, खिलौने, झूला, कपड़ा आदि दुकानों में महिला बच्चों की भीड़ रही। समिति ने रामायण पाठ तथा भजन कीर्तन का आयोजन रखा था।

### जनप्रतिनिधि पहुंचे महोत्सव में

चोरड़ाधाम मेला महोत्सव के पहले दिन जनप्रतिनिधियों ने भी डोंगेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजन किया। विधायक यशोदा वर्मा, टारकेश्वर साह खुशरो, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांतसिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, जिपं सदस्य निर्मला वर्मा, कामदेव जंघेल, संगीता जंघेल, डोमारसिंह भेड़िया, ज्योति जंघेल, प्रकाश जंघेल, अनुज साहू, आनंद पटेल, गणेश राम वर्मा भी यहां पहुंचे थे।

## गाजे बाजे के साथ निकली शिव की बारात



**डोंगरगांव।** समूचे अंचल में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। शिवालयों में भक्तों ने पूजा अर्चना किया। वहीं शहर में बाबा महाकाल की शोभायात्रा और बारात निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा बीटीआई मैदान से शुरू होकर किलापारा, सदरलाईन, मुख्य मार्ग होते हुए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल मैदान पहुंची। बाजे-गाजे, लोक कलाकारों की प्रस्तुति के साथ निकली शोभायात्रा में अघोरियों का दल आकर्षण का केन्द्र रहा। श्री महाकाल मित्र मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भक्त जमकर थिरके। शोभायात्रा में आकर्षण का केन्द्र महाकाल महादेव की झांकी और बारात रही। धुमाल, डीजे के साथ गुदुम बाजा, आदिवासी नृत्य, पंथी नृत्य एवं लोक कलाकारों की प्रस्तुति ने लोगों का मनमोह लिया। पूरे शोभायात्रा के दौरान अघोरियों का दल और उनकी प्रस्तुति ने लोगों को काफी आकर्षित किया। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शहर के शिवालयों लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया। सुबह से शाम तक मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर चलते रहा।



## सेवानिवृत्त शिक्षिका को विदाई

**सड़क अतरिया।** दाऊ गुलाब दास वैष्णव हायर सेकंडरी स्कूल सड़क अतरिया की पीटीई वेदकुमारी पाली के सेवानिवृत होने पर शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भावुक होकर छात्र एवं शिक्षकों ने उन्हें बिदाई दिया।



उन्होने करीब डेढ़ दशक तक विद्यालय में छात्रों की प्रतिभा निखारने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। छात्रों को राष्ट्रीय स्तर तक प्रदर्शन करने का अवसर मिला। इस मौके पर शिक्षिका को स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राधेमोहन वैष्णव, लोमश वैष्णव, महेश जैन, मनोज जंघेल, वीरेन्द्र जंघेल, प्राचार्य श्री कामडे, खेमराज सिन्हा, हेमलता वैष्णव, कोमल नारायण वर्मा, शिव कुमार पारधी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, पारसमणी सिन्हा, शोभना बोपचे, सरिता शर्मा, बबिता ठाकुर, दीपाली जंघेल, तुकाराम साहू, मिथलेश पटेल, अभिषेक गहिरवार, मीनाक्षी पटेल मौजूद थे।

## मानस सम्मेलन में राम का गुणगान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

■ तीन दिनों में 9 मानस मंडलियों ने दी अपनी प्रस्तुति

ग्राम संड़ी में मानस परिवार एवं ग्रामीणों के सहयोग से तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसका समापन रविवार को हुआ। सम्मेलन में ख्याति प्राप्त मंडलियों ने प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। प्रत्येक दिन तीन ने प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम के दौरान तीन दिन तक गांव में भक्ति का वातावरण रहा। समापन में पहुंची विधायक यशोदा वर्मा ने इस धार्मिक आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सम्मेलन हमें अपने जीवन आदर्श और कर्त्तव्य का बोध कराता है। पूर्व विधायक गिरवर ने कहा कि इस आयोजन में भक्ति, संस्कृति और आध्यात्म का संगम देखने को मिला। समापन के मौके पर प्रसाद वितरण और आयोजक समिति ने अतिथियों का सम्मान किया। इस दौरान कामदेव जंघेल, डोमार सिंह, ज्योति जंघेल, कैलाश वर्मा, घसिया राम, ओमप्रकाश जंघेल, प्रकाश जंघेल, हुकुम जंघेल, प्रकाश जंघेल मौजूद थे। संचालन शिक्षक प्यारेलाल साहू ने किया।

## साइंस सेंटर और कला विवि का लिया जायजा




**डोंगरगढ़।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 12 से 14 फरवरी तक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रायपुर साइंस सेंटर, इंदिरा संगीत कला विश्वविद्यालय खैरागढ़ का अवलोकन किया। इस भ्रमण में कुल 700 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रायपुर साइंस सेंटर में विद्यार्थियों ने विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित कार्यशील मॉडल, रोबोटिक्स, ऊर्जा संरक्षण, अंतरिक्ष विज्ञान, मानव शरीर रचना, प्रकाश एवं ध्वनि से संबंधित प्रदर्शनों का अवलोकन किया। थ्री डी शो एवं तारामंडल के माध्यम से विद्यार्थियों को ब्रह्मांड, ग्रह-नक्षत्रों एवं अंतरिक्ष अनुसंधान की रोचक जानकारी प्राप्त हुई। इंटरैक्टिव गैलरी में विद्यार्थियों ने स्वयं प्रयोग कर वैज्ञानिक अवधारणाओं को व्यवहारिक रूप से समझा।

इंदिरा संगीत कला विश्वविद्यालय खैरागढ़ में विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत, वाद्य यंत्र, नृत्य, चित्रकला एवं मूर्तिकला विभागों का अवलोकन किया। विवि परिसर की ऐतिहासिक इमारत, अभ्यास कक्ष तथा कला दीर्घा विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। विशेषज्ञों ने कला शिक्षा के महत्व एवं करियर संभावनाओं की जानकारी दी।

## बारहवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**जेवरतला रोड।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने बारहवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा वंदना से हुआ। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जयपाल साहू, प्राचार्य वाईएल सिन्हा, व्याख्याता आरएल ध्रुवे, बीआर साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा ग्रामीणों का छात्र-छात्राओं ने स्वागत किया। छात्राओं ने स्वागत गीत, व्याख्याता रामेश्वरी रामटेके ने गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों ने विदा ले रहे विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक से सफलता अर्जित करने प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने अपने स्कूली जीवन में बीते पलों के संस्मरण सुनाए। उन्हें पानी बोतल व पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन प्रेरणा एवं दीक्षा ने किया।



## समिति प्रबंधकों की बढ़ रही परेशानी

# परिवहन धीमा, खुले में सूख रहा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का विराम लगे एक पखवाड़ा हो गया है किन्तु अब तक परिवहन गति नहीं पकड़ पाया है। स्थानीय जिला सहकारी बैंक अंतर्गत संचालित 13 सोसायटियों में करीब 453659.86 क्विंटल धान खुले में पड़ा है। अब मौसम के तेवर बदलने के साथ सूखत की समस्या भी बढ़ते दिखाई देने लगी है जिसे लेकर समिति प्रबंधकों का तनाव बढ़ रहा है।

जानकारी के अनुसार 15 नवंबर से 31 जनवरी तक 13 सोसायटियों में 14711 किसानों से मोटा धान 213426.80,पतला धान 137397.20, सरना 327342.80 क्विंटल खरीदा गया है। जिसमें 30 जनवरी तक मिलर्स ने 211107.74 और मार्कफेड ने 13399.30 क्विंटल धान का उठाव किया है। सोसायटियों में 453659.86 क्विंटल धान अब तक खुले में पड़ा है।



### कहां कितना धान

जानकारी के अनुसार डोंगरगांव सोसायटी में 45111.40,घुघवा में 42238, अर्जुनी में 45202.66, दीवानभेड़ी में 18368.80, कोकपुर में 58205.60, खुर्सीटिकुल में 32210, आमगांव में 40109.20, बादराटोला में 51412, आतरगांव में 23705.20, कुमर्दा में 27182, चिरचारी कला में 22999.60, चारभांठा कु में 26664.40, धनगांव में 20258 क्विंटल धान जमा है।

### कम हो रहा वजन

खरीदी समाप्त होने के बाद बीते कुछ दिनों से मौसम में तेजी से बदलाव आ रहा है। सूरज की तपन बढ़ने के साथ खुले में रखे धान का वजन दिनों दिन कम हो रहा है जिससे आने वाले दिनों में सूखत बढ़ने के साथ समितियों के सामने भरपाई करने की समस्या खड़ी हो जाएगी जिसे देखते हुए समिति प्रबंधक परेशान है।

### कलेक्टर से मिलेंगे अध्यक्ष

सूखत की बढ़ती समस्या और समिति को होने वाले नुकसान को देखते हुए समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल अगले कुछ दिनों में मिलकर धान के परिवहन में तेजी लाने की मांग करेगा। स्थानीय सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, बादराटोला के हिरेन्द्र साहू, अर्जुनी के चुनेश्वर साहू आदि ने जिला प्रशासन से धान का परिवहन में तेजी लाने का आग्रह किया है।

## सरस्वती शिशु मंदिर गैंदाटोला में वार्षिकोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया



गैंदाटोला के सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। अध्यक्षता सरपंच उषा कमल नारायण गुप्ता ने की। इस दौरान डॉ प्रकाश शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि आज केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि पूरे वर्ष की मेहनत, लगन और सफलता का उत्सव है। विद्यालय ने बच्चों को केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं दिया, बल्कि संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास भी सिखाया है। श्रीमती हेमिन साहू ने रंगारंग कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में राजेश्वर ध्रुवे, टीकम साहू, चेतन साहू, धनेश्वर गुप्ता, प्रह्लाद मिश्रा, धन्ना सोनी, भीखम देवांगन, महेश गुप्ता, विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, शारदा पंदरो, खलील अहमद, विक्रम कंवर, उमेश कंवर, राजू राजपूत, निरंजन साहू, नरेंद्र मानिकपुरी, संजय मानिकपुरी, गोविंद योगी, दुष्यंत कंवर, मनोज कोचे आदि रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग देने निर्देश



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कार्यक्रमों की शत-प्रतिशत ऑनलाइन रिपोर्टिंग करने निजी चिकित्सालयों की कार्यशाला सह बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि उन्मुखीकरण कार्यशाला सभी चिकित्सालायों को मरीजों के बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने समय-सीमा में रिपोर्ट ऑनलाइन करने एवं ऑफलाइन रिपोर्ट कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी द्वारा युवीन कार्यक्रम अंतर्गत की जा रही रियल टाइम रिपोर्टिंग की समीक्षा की गई। साथ ही आरसीएच 2.0 पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। जिला प्रबंधक डाटा अखिलेश चोपड़ा द्वारा आरसीएच 2.0 के तकनीकी पहलुओं पर बारीकी से विस्तृत रूप से जानकारी दी गई तथा आरसीएच 2.0 का निजी चिकित्सालय में समुचित रूप से क्रियान्वयन आभा आईडी जानकारी निजी चिकित्सालयों के आए प्रतिनिधियों को दी गई। कार्यशाला सह बैठक में कहा गया कि हेल्थ मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम, युवीन पोर्टल, आरसीएच पोर्टल एवं अन्य ऑनलाइन पोर्टल के बारे में आवश्यक समीक्षा कर कम एंट्री करने वाले अस्पतालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला प्रबंधक शहरी पूजा मेश्राम, जिला सहायक डाटा प्रीति सिंह, कौशल शर्मा, मनीष निमजे सहित निजी चिकित्सालियों से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### प्रांतीय सभा का आयोजन 18 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष पीआर यादव द्वारा रविवार 15 फरवरी को प्रस्तावित प्रांतीय सभा अब महाशिवरात्रि के कारण 18 फरवरी को दोपहर एक बजे आयोजित की जाएगी। सभा का स्थान कर्मचारी भवन गौरवपथ शंकर नगर चौक के पास जीई रोड रायपुर होगा। इस बाबत छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के दुर्ग संभाग के संभागीय अध्यक्ष, जिला सचिव और जिला संयोजक विभागीय उप समिति आनंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सभा में पहले से तय एजेण्डा के मुताबिक ही चर्चा होगी।

## पान अनुसंधान केंद्र का कलेक्टर और सीईओ ने किया निरीक्षण

# पान से फिर पहचाना जाएगा छुईखदान 60 हजार बंगला और देशी पान वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पान अनुसंधान केंद्र छुईखदान में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल द्वारा निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से क्षेत्र में टमाटर प्रसंस्करण इकाई की स्थापना पान अनुसंधान केंद्र, कृषि महाविद्यालय, रामपुर (नवागांव) फार्म में की जा रही है।

इस इकाई के माध्यम से क्षेत्र की महिलाओं को स्व-सहायता समूहों के जरिए टमाटर के विभिन्न उत्पादों के निर्माण, प्रसंस्करण एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। मशीनरी एवं अन्य आवश्यक सामग्री की शीघ्र खरीदी कर इकाई प्रारंभ करने के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए तथा वित्तीय सहायता का आश्वासन भी प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान महिला समूहों से चर्चा की गई। कलेक्टर ने टमाटर पल्प, टमाटर सॉस आदि उत्पादों के प्रारंभिक निर्माण, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग के संबंध में मार्गदर्शन दिया। साथ ही ऑनलाइन मार्केटिंग से जोड़ने पर भी जोर दिया। राजनांदगांव स्थित एबीस फैक्ट्री से टाई-अप कर विपणन की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। ज्ञात हो कि जिले में टमाटर का उत्पादन अधिक मात्रा में होता है, परंतु किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता तथा बाजार भाव में अत्यधिक उतार-चढ़ाव रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में टमाटर प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की जा रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जिले में पान परियोजना के माध्यम से पान की खेती को पुनर्जीवित कर किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु 60 हजार से अधिक बंगला एवं देसी पान की किस्में (मध्यप्रदेश के महाराजपुर एवं पानागर से लाकर) क्षेत्र के किसानों को वितरित की गईं। साथ ही फफूंदनाशक, ग्रीन शेडनेट, बांस आदि सामग्री भी उपलब्ध कराई गई।



### पान उत्पादन के लिए किया प्रेरित

राष्ट्रीय बागवानी मिशन के सहयोग से 5 किसानों के यहां 250 वर्गमीटर क्षेत्र में शेडनेट हाउस का निर्माण किया गया है, जहां पान के पौधे लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त वीरूटोला एवं कुरमुड़ा स्थित 2 उद्यानिकी नर्सरियों में पान का बरेजा तैयार कर पौधरोपण किया जा रहा है। पान अनुसंधान केंद्र में भी पान बरेजा स्थापित कर पान उत्पादन एवं पौध तैयार किए जा रहे हैं। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने पान उत्पादकों से चर्चा कर उन्हें उत्पादन एवं विपणन के लिए प्रेरित किया।

### कलेक्टर ने की सराहना

इस अवसर पर पान उत्पादों को राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर एवं छुईखदान बाजार से जोड़कर नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही छुईखदान में पान उत्पादों के लिए एक लघु आउटलेट प्रारंभ करने हेतु भी प्रेरित किया गया। कलेक्टर ने पान अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. बीएस असाटी, डॉ. दीपिका देवदास एवं अधिष्ठाता डॉ. एके गुप्ता, कृषि महाविद्यालय छुईखदान को प्रोत्साहित करते हुए क्षेत्र में पान की खेती को बढ़ावा देने के लिए उनकी सराहना की गई।

# पर्यटन केन्द्र छिंदारी में सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

केंद्र सरकार की रैंप योजना के अंतर्गत जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के पर्यटन केंद्र छिंदारी में पर्यटन क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों हेतु सेक्टर स्पेसिफिक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार तथा राज्य शासन की उद्यमिता प्रोत्साहन पहलों के तहत सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 30 उद्यमियों एवं महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना, स्वरोजगार के अवसर सृजित करना तथा प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रतिभागियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी वर्तमान गतिविधियों, कार्य प्रणाली एवं चुनौतियों की जानकारी ली गई। इसके पश्चात मास्टर ट्रेनर द्वारा वन-टू-वन मार्गदर्शन के माध्यम से संस्थागत ढांचे, अनुभवों एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

द्वितीय दिवस केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, सब्सिडी प्रावधानों, ईडीपी प्रशिक्षण, कौशल विकास, मार्केटिंग रणनीतियों तथा उद्यम पंजीयन की आवश्यकताओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं अंतिम दिवस आयात-निर्यात की रणनीति, विभागीय समन्वय तथा भविष्य की मांगों के अनुरूप टूरिज्म में अपने सामान्य निवास स्थान से बाहर अवकाश, मनोरंजन, व्यापार या तीर्थयात्रा के लिए यात्रा करना, रुकना और विभिन्न गतिविधियों का आनंद लेना शामिल है। इसमें मुख्य रूप से आवास (होटल), परिवहन, भोजन, दर्शनीय स्थल भ्रमण, गाइड सेवाएं और स्थानीय संस्कृति/हस्तशिल्प का अनुभव शामिल है। यह एक प्रमुख आर्थिक और सामाजिक गतिविधि है। जिससे पर्यटन उद्यमियों को अतिरिक्त रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें व इसके प्रशिक्षण की मध्यस्थता, विभागीय मार्गदर्शन, मार्केटिंग आदि के अवसर उपलब्ध कराए जा सके।

### महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस जिला प्रशिक्षुओं को विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ, ऋण प्रणाली, सब्सिडी, वर्किंग कैपिटल एवं प्रस्तुति संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। रैंप प्रशिक्षण के तहत पर्यटन केंद्र में जिला कलेक्टर, व जिला पंचायत सीईओ का विशेष रुझान है कि पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए व जिले में पर्यटन, व उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाए। प्रशिक्षण में उद्यम रजिस्ट्रेशन भी किया गया ।इस दौरान जिला उद्योग विभाग के अधिकारी प्रणय बघेल व सरपंच चेतन चंदेल देवांगन उपस्थिति थे। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर श्रीमती पारुल पाण्डेय, डिविजनल समन्वयक लोकेश सिन्हा एवं तुषार साहू की सक्रिय भूमिका रही। समापन अवसर पर चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



राजनांदगांव। महाशिवरात्रि के अवसर पर ढीमर समाज द्वारा भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

# भूमि वेंचर्स के हमर सोलर का भव्य आग़ाज़

**राजनांदगांव।** जिले का कॉल एंड सर्विस सेंटर का सोमनी की जनता ने किया उदघाटन। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर बनाने हेतु भूमि वेंचर्स की मुख्य इकाई हमर सोलर का (सोमनी) में भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस नई पहल के साथ ही अब राजनांदगांव समेत संपूर्ण छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में विश्वस्तरीय सोलर सेवाएं उपलब्ध होंगी। संस्थान का लक्ष्य ग्राहकों को 25 साल की लंबी वारंटी वाले वर्ल्ड क्लास सोलर पैनल उपलब्ध कराना और उन्हें बिजली बिल के बोझ से हमेशा के लिए आजाद करना है।



### प्रदेशव्यापी नेटवर्क और सेवा केंद्र

ग्राहकों की सुविधा के लिए सोमनी के मुख्य कॉल एवं सर्विस सेंटर के साथ-साथ प्रदेश के इन प्रमुख स्थानों पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### 0% डाउनपेमेंट और निशुल्क वित्तीय सुविधा

आम जनता की सहूलियत के लिए भूमि वेंचर्स सोलर प्रोजेक्ट्स पर निशुल्क फाइनेंशियल और बैंकिंग सहायता प्रदान कर रही है। अब प्रदेश का कोई भी नागरिक 0% डाउनपेमेंट और आसान मासिक किस्तों पर अपने घर या संस्थान की छत पर सोलर प्लांट लगवा सकता है। साथ ही, शासन की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत मिलने वाली भारी सब्सिडी का लाभ भी सीधे तौर पर दिलाया जा रहा है।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा की बैठक में महाअधिवेशन पर विशेष चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जोन की तीसरी बैठक खैरागढ़ उप समिति में रखी गई थी। बैठक की शुरुआत प्रभु श्री राम, महाराणा प्रताप के तैल चित्रों पर पूजा अर्चना कर शुरू किया गया।

खैरागढ़ के पदाधिकारी द्वारा महासभा के कोषाध्यक्ष जोन प्रभारी नीरज सिंह क्षत्रिय महासभा के सह सचिव सत्येंद्र राजपूत अधिवेशन की संयोजक पवन सिंह मीडिया सेल प्रमुख आदर्श सिंह का स्वागत सम्मान किया गया। बैठक में 62वें महाअधिवेशन 28, 29 मार्च डोगरगांव के प्रथम और द्वितीय दिवस की विस्तृत रूपरेखा के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। अधिवेशन में सामूहिक विवाह करने पर जोर दिया गया। बैठक में शेर सिंह, जितेंद्र सिंह, शुभम सिंह, अजय सिंह, गड़ई से विष्णु सिंह सुनील सिंह, राजनांदगांव से संतोष सिंह, रघुनंदन सिंह, डोगरगांव से किशोर सिंह, दानेन्द्र सिंह, विनोद सिंह,बालोद से लोमेश सिंह, डोगरगढ़ आरन सिंह, छुईखदान थलेन्द्र सिंह, पदाधिकारी युवा मंडल महिला मंडल जोन से दिलीप सिंह, संतोष सिंह, खिलेश्वर सिंह, अवधेश सिंह, घनश्याम सिंह सहित पदाधिकारी जोन के उपस्थिति थे। उक्त जानकारी केन्द्रीय मिडिया सेल प्रमुख ठा .आदर्श सिंह ने दी।

# एनबीआईएस बोरी में इंटर स्कूल हाउस क्विज प्रतियोगिता




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में विगत दिनों इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तीन समूहों में आयोजित की गई थी। जिसमें प्री-प्राइमरी की कक्षा के अलावा पहली से चौथी व पांचवी से आठवीं के छात्रों ने अपनी सहभागिता दी। प्रतियोगिता में चयनित छात्र शामिल हुए।

क्विज प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, पजल, स्पेलिंग, आडियो विजुअल, रेपिड फायर जैसे राउंड ने बच्चों की तार्किक शक्ति को और अधिक मजबूत किया। इस प्रतियोगिता में केजी-टू से टीम मेरीगोल्ड से मनवीर सिंग अरोरा, टीम लिली से शिवांश द्विवेदी, टीम सनफ्लावर से हर्षल टुरकर, टीम डेजी से लोककाव्या आदिल, टीम रोज से इवन वर्मा व टीम लोटस से आयु साहू ने अपनी सहभागिता दी। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा विजयी टीमों को बधाई देते अपने वक्तव्य में कहा कि जीवन में प्रतियोगिता होना आवश्यक है। प्रतियोगिता के माध्यम से ही हमें हमारी क्षमता का आंकलन होता है। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

### बच्चों की रही सहभागिता

कक्षा पहली से चौथी तक में भगत हाऊस से रक्षित नवलानी, मौली राठी, अनंजय मोदी व विराट भारद्वाज शामिल हुए। सुखदेव हाऊस से नव्या अग्रवाल, महिमा कौर, आदिशिव मोदी व पूर्वांश वर्मा ने अपनी सहभागिता दी। आजाद हाऊस से सब्लीन कौर, अद्विक जैन, समरिद्धी संतोष साहू व विवान पारख रहे। वहीं राजगुरु हाऊस से तन्विका साहू, काशी खंडेलवाल, तक्ष अग्रवाल व अरनव रामटेके ने अपनी सहभागिता दी। कक्षा पांचवी से आठवीं कक्षा में भगत हाऊस से आयुष अरमान बेहेरा, अचिन्त्य श्रीवास्तव, लक्ष्य साहू व ऐप्स ओबेवेजा शामिल हुए। आजाद हाऊस से अरनव रामटेके, अनन्या शाह, चिन्मय केसी व मनस्वी भट्टड़ शामिल हुए। सुखदेव हाऊस से रिशित साहू, वेदांश सोनी, मनन पंजवानी व अविचल दुबे ने अपनी सहभागिता दी। राजगुरु हाऊस से अभ्युदय तिवारी, शिवांश कोंड्रा, रचित अग्रवाल व अरहम नखत शामिल हुए। इस अंतर विद्यालयी हाऊस क्विज प्रतियोगिता में प्री प्राइमरी से टीम डेजी, लोटस व लिली ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा पहली से चौथी तक में हाऊस भगत, सुखदेव व आजाद ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। कक्षा पांचवी से आठवीं तक में हाऊस आजाद, सुखदेव व राजगुरु ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। सभी विजयी टीमों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र तथा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## चिखली स्कूल मैदान में खिलाड़ियों से हुए रूबरू, किया उत्साहवर्धन

# निगम आयुक्त ने चिखली, शांतिनगर और शंकरपुर में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त करने निगम का अमला द्वारा व्यापक तैयारी कर साफ-सफाई में जोर दिया जा रहा है। महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा स्वयं शहर में साफ-सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे हैं। प्रतिदिन सफाई निरीक्षण की कड़ी में आयुक्त श्री विश्वकर्मा शुक्रवार सुबह चिखली, शांतिनगर एवं शंकरपुर का भ्रमण कर नाला सफाई, सार्वजनिक शौचालय एवं एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर सफाई के संबंध में दिशा निर्देश दिए। वहीं चिखली स्कूल मैदान में खिलाड़ियों से रूबरू होकर उनका उत्साहवर्धन किया।



### खिलाड़ियों से हुए रुबरु

चिखली स्कूल मैदान निरीक्षण के दौरान मैदान की सफाई कराने स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव से कहा। साथ ही खिलाड़ियों से रूबरू होकर उनसे खेल के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आज-कल मोबाइल के कारण बच्चों का रूझान खेल के प्रति कम हो गया है। इसके बावजूद इस मैदान में छोटे एवं बड़े बच्चे नियमित खेल अभ्यास कर रहे हैं, यह सराहनीय है। उन्होंने खिलाड़ी बच्चों से कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेल आवश्यक है, प्रतिदिन खेल के लिए समय निकाले। जिससे आप लोग स्वस्थ मन से पढ़ाई कर सके। निरीक्षण के दौरान निगम का स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

### कर्मियों को दिए निर्देश

चिखली, शांतिनगर एवं शंकरपुर में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई का जायजा लेकर नाला सफाई देख नाला के अंदर तक सफाई कर कचरा निकालने के निर्देश सफाई कर्मी को दिए। उन्होंने कहा कि नाले-नालों की सफाई ऐसा करें कि पानी असानी से निकल जाए। शंकरपुर एसएलआरएम सेंटर में प्रतिदिन कचरा छांट उसका निष्पादन करने सेंटर प्रभारी से कहा। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत घर से कचरा संग्रहण कर यूजर चार्ज भी वसूलना सुनिश्चित करें तथा सेंटर के कचरा फैले देख कचरे का समुचित निपटान करने कहा। इसी प्रकार सार्वजनिक शौचालय में पर्याप्त पानी की व्यवस्था एवं साफ-सफाई रखने संचालक को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई से जुड़े सभी कर्मचारी आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करें।

# हिंदू जागरण मंच की जिला बैठक

## राज बहादुर सिंह बने जिला सक्षम केंद्र प्रभारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव की महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक महेश्वरी भवन, रामाधीन मार्ग में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, दायित्व निर्धारण एवं समसामयिक राष्ट्रीय विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का समापन राष्ट्रहित एवं धर्मरक्षा के संकल्प के साथ किया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से सुशील लड्ढा, प्रवीण शर्मा, सविता बोस, प्रभात गुप्ता, राजा, मौसमी शर्मा, हेमलाल ढीमर, मिथिलेश चंदेल, जुगल किशोर गुप्ता, विद्या यादव, मनोज मालू, राज सोनकर, गोविंद साहू, महेंद्र जांघेल, आनंद गुप्ता, राजू सोऊ, आशीष स्वर्णकार, रोहित तिवारी, संतोष टूरहते, श्रेयांश व्यास, हरीश भानुशाली, कांति मौर्य, जनक गुप्ता, ममता शर्मा, माया शर्मा, मंजू यादव, गायत्री गौतम, मुनमुन पोरिया, संगीता शुक्ला, चंदा शाह, रिमझिम भौमिक, प्रतीक श्रीवास्तव, मुकेश सोनी, मनोज गोलछा, सुरेश यादव, भोला यादव, विकास साहू, जितेंद्र चौबे, रोहित शर्मा, राकेश श्रीवास, प्रियंका भट्टड, प्रीती जोशी, रंजना शर्मा, सविता जोशी, दीपिका चौरसिया, कमलेश वैष्णव, सुधांशु चटर्जी, गोविंद जोशी, उषा चटर्जी, कृष्ण तिवारी, रिंकू तिवारी, गोवर्धन खंडेलवाल, विष्णु सिन्हा, बंटी साहू, राजकुमार सिन्हा, सुनीता सिन्हा, अभय सिन्हा, हेमंत कश्यप, लक्ष्मण साहू, राजेश खंडेलवाल एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महिला सम्मान पर डाला प्रकाश

बैठक में सर्वसम्मति से राज बहादुर सिंह को हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव का जिला सक्षम केंद्र प्रभारी नियुक्त किया गया, वहीं आशीष तिवारी को संगठन के प्रचार आयाम का जिला प्रमुख बनाया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दोनों दायित्वधारियों को बधाई देते हुए संगठन हित में पूर्ण निष्ठा से कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। बैठक के दौरान प्रमुख वक्ताओं ने महिला सुरक्षा एवं महिला सम्मान जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना प्रत्येक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है और हिंदू जागरण मंच इस दिशा में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति एवं राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि हिंदू जागरण मंच का प्रत्येक कार्यकर्ता मातृभूमि की रक्षा के लिए आवश्यक होने पर अपने प्राणों का बलिदान देने को भी सदैव तत्पर है। वक्ताओं ने कहा कि आत्मनिर्भर समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव होता है, इसलिए स्वदेशी, स्वावलंबन और समाज को संगठित करने के प्रयासों को और अधिक गति दी जाएगी।

## सार समाचार

### श्री बालाजी हनुमान मंदिर में 3 को होलिका दहन

**राजनांदगांव।** शहर में रियासत कालीन दौर से लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुरानी होलिका दहन की परंपरा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से निर्वहन की जाएगी। इस वर्ष भी यहां विधि-विधान से होलिका दहन का आयोजन किया गया है। प्रतिवर्ष यहां होलिका दहन से पूर्व ठंडी होली की पूजा करने की परंपरा है जिसमें सैकड़ो महिलाएं शामिल होती है । वहीं होलिका दहन के पश्चात प्रसाद स्वरूप सल्पाहार वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी श्री बालाजी हनुमान मंदिर समिति के द्वारा यहां परंपरागत होलिका दहन का आयोजन किया गया है। गंज चौक स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर के पुजारी हनुमान प्रसाद ने बताया कि यहां महिलाओं द्वारा प्रतिवर्ष की परम्परा अनुरूप 2 मार्च की सुबह 9 बजे से होलिका पूजन का आयोजन किया जाएगा जो शाम 5 बजे तक चलेगा। वहीं होलिका दहन से पूर्व 2 मार्च की रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया है। वहीं इसके बाद मुहूर्त अनुसार 3 मार्च की सुबह 5 बजकर 40 मिनट पर होलिका दहन होगा।

### विनय डढ्ढा बने सकल जैन समाज के अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** सदर बाजार स्थित स्थानक भवन में 14 फरवरी को सभी जैन संघों के अध्यक्षों की एक संयुक्त बैठक हुई, जिसमें समाजसेवी एवं श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष विनय डढढा को सकल जैन श्री संघ राजनांदगांव का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया।



जैन स्थानक भवन में बैठक श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के प्रमुख ट्रस्टी अध्यक्ष अजय सिंघी, श्री वर्धमान स्थानकवासी संघ के अध्यक्ष खुशालचंद पारख, श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक झांझरी एवं श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष विनय डढढा की उपस्थिति में हुई। इस बैठक में आगामी दो वर्षों के कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति से सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष का दायित्व श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष विनय डढढा को सौंपा गया। सकल जैन श्री संघ का अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद श्री डढढा ने उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के नामों की घोषणा आपसी परामर्श के बाद कर दी। उन्होंने सकल जैन श्री संघ के उपाध्यक्ष पद पर अशोक झांझरी, सचिव पद पर अजय सिंघी एवं कोषाध्यक्ष पद पर खुशालचंद पारख के नामों की घोषणा की। इन नामों की घोषणा होने के बाद ही बधाई एवं शुभकामनाओं को सिलसिला जारी हो गया और जैन समाज, समाजसेवी संस्थाओं एवं व्यापारी संगठनों के अलावा इस्ट मित्रों एवं परिजनों ने भी श्री डढढा, श्री झांझरी, श्री सिंघी एवं श्री पारख को बधाई दी।

### छात्राओं ने महापौर-कलेक्टर से की मुलाकात



**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 9वें संस्करण में पीएमश्री राजा सर्वेश्वरदास उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव की छात्रा पूनम साहू एवं नम्रता रजक शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से छात्राओं ने सीधा संवाद किया और परीक्षा के तनाव को दूर करने के संबंध में सुझाव एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रधानमंत्री ने बच्चों से सहज रूप में बातचीत करते विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के महत्व की सार्थकता पर विस्तृत चर्चा की। महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 9वें संस्करण में शामिल छात्रा पूनम साहू एवं नम्रता रजक ने कलेक्टोरेट में मुलाकात की। महापौर एवं कलेक्टर ने छात्राओं को सम्मानित किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों ने प्रधानमंत्री से हुए संवाद एवं उनके सानिध्य को अविस्मरणीय बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार, विद्यालय के एसएमडीसी के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी, प्राचार्य डॉ. अमित घोष, शिक्षक आकाश त्रिपाठी उपस्थित थे।

### उद्यम को आगे बढ़ाने एक सशक्त कोशिश



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की ग्राम दुकान स्वसहायता समूह की महिलाओं के जीवन स्तर को उन्नत बनाने एवं आर्थिक रूप से उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में कारगर साबित हो रही है। राजनांदगांव के पाताल भैरवी मंदिर के पास नाबार्ड की एक ग्राम दुकान में समूह की महिलाओं के लिए अपने हुनर, कौशल एवं लघु उद्यम को आगे बढ़ाने एक सशक्त कोशिश की गई है। इस ग्राम दुकान में महिला समूह स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पाद पूजा सामग्री, अचार, पापड़, मुरकू, नड्डा, बिजौरी, मुरब्बा, मोमबत्ती, अगरबत्ती, साबुन, जिमिकंद, फूल, मशरूम, कपड़ा, अन्य खाद्य सामग्री, विभिन्न तरह के मसाले, दोना पत्तल, डेकोरेशन आइटम्स, घरेलू सामान बिक्री के लिए उपलब्ध है। महिला समूह अपने उत्पादों की पैकेजिंग कर ग्राम दुकानों के माध्यम से विक्रय कर रही है। ग्राम दुकान की संचालिका निशा मंडावी ने बताया कि पाताल भैरवी मंदिर के निकट होने के कारण समूह की महिलाओं के उत्पादों को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। ग्राम दुकानों के माध्यम से समूह की महिलाओं को निःशुल्क एक दुकान मिल गई है, जहां आसानी से वे अपने उत्पादों की बिक्री कर सकती है।

### केंद्रीय बजट में किए गए प्रावधानों की सांसद ने दी जानकारी

# मोदी सरकार के विकसित भारत बजट में हर वर्ग का समावेशः सांसद पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्रीय बजट में किए गए प्रावधानों की विशेषता बताने के लिए जिला भाजपा कार्यालय में सांसद संतोष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि बीते 12 वर्षों में मोदी सरकार के केंद्रीय निर्णय के कारण भारत की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई है। सरकार ने रोजगार सृजन उत्पादकता बढ़ाने और विकास में तेजी लाने के लिए व्यापक आर्थिक सुधार किया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सांसद संतोष पांडे ने बजट के मुख्य योजनाओं को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थ विशेषता ग्रोथ कर रही है । सरकार ने रोजगार के अवसर बढ़ाने अधिक सुधार किये है। जीएसटी का सरलीकरण किया गया है। बायोफार्मा शक्ति की शुरुआत की गई है जिसके तहत 5 वर्ष में 10 करोड़ रुपये का आवंटन किया जाएगा। वहीं इंडिया सेमी कंडक्टर 2.0 लांच किया जाएगा। रेयर अर्थ कॉरिडोर की स्थापना होगी। केमिकल के क्षेत्र में राज्य सरकार को समर्थन देने की योजना है । कपड़ा के क्षेत्र को 5 भागों का एकीकृत कार्यक्रम प्रस्तावित है । एमएसएमई में 10 हजार करोड़ का ग्रोथ फंड शुरू किया जाएगा । उन्होंने कहा कि इस बजट से राज्यों को विशेष सहायता, ऊर्जा क्षेत्र में तकनीक को बढ़ावा, 7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर, 3 नए आयुर्वेद एम्स की स्थापना, हर जिले में एक गर्ल्स हॉस्टल बनेगा। वहीं रेलवे के विकास हेतु 7 हाई स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे ।




#### उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा

सांसद पांडे ने कहा कि बजट में बिजली, स्टील, सीमेंट आदि उद्योगों के लिए कार्बन कैप्चर तकनीक को बढ़ावा देने 5 वर्षों में 20000 करोड़ का निवेश होगा । शहरों के विकास चालकों के आधार पर सिटी इकोनॉमिक रीजन की मैपिंग की जाएगी, जिसके लिए प्रति सीईआर 5 करोड़ रुपए का आवंटन होगा।

#### खेल और पर्यटन की योजनाएं

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि खेल और पर्यटन के क्षेत्र में भी इस बजट में काफी कुछ है। जिसमें खेल के क्षेत्र को बदलने के लिए खेलो इंडिया मिशन शुरू किया जाएगा । मौजूदा परिषद को अपग्रेड करके नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी की स्थापना की जाएगी । लोथल, धोलावीरा, सारनाथ और लेह पैलेस सहित 15 और आध्यात्मिक स्थलों को जीवन एवं सांस्कृतिक स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, सौरभ कोठारी,भरत वर्मा, अमर ललवानी, राजेन्द्र गोलछा, रूपचंद भीमनानी, रवि सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे ।

### महाशिवरात्रि पर अवैध रूप से मास का विकय, ठेला जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में आज 15 फरवरी को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रखने निगम द्वारा बयान जारी कर मांस विक्रय करने वालो से आज के दिन दुकान बंद रखने समझाईस दी गयी थी। किन्तु निरीक्षण के दौरान आज कसाई पारा निवासी मुस्तकीम कुरैशी आ. शेरू कुरैशी द्वारा कौरिनभाठा में ठेला में अवैध रूप से मांस विक्रय करते पाया गया। जिसकी जानकारी होते ही निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा स्वयं मौका मे पहुँच ठेला जप्ती करा थाना में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कराये।



आयुक्त श्री विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम का अमला जहॉ संबंधित मांस विक्रेता श्री मुस्तकीम कुरैशी का ठेला जप्ती की वही बसंतपुर थाना द्वारा भी संबंधित पर भारतीय न्याय सहिता की धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गयी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार पर्व में मास-मटन विक्रय प्रतिबंधित के दिन विक्रय करते पाये जाने पर संबंधित पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

### महाकाल मंदिर सिंघोला में सेहरा दर्शन व विशेष भस्म आरती आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाशिवरात्रि पर्व के अगले दिन आज 16 फरवरी को महाकाल मंदिर सिंघोला में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। इस दिन श्रद्धालुओं को प्रातः 7 बजे भगवान महाकाल का सेहरा दर्शन कराया जाएगा, वहीं दोपहर 12.30 बजे से वर्ष में एक बार होने वाली विशेष भस्म आरती होगी।

मंदिर समिति के सदस्य पवन डागा ने बताया कि भगवान महाकाल की दोपहर की भस्म आरती वर्ष में केवल एक बार ही की जाती है। इस दुर्लभ दर्शन को लेकर शिवभक्तों में हर वर्ष अपार उत्साह देखने को मिलता है। समिति के अनुसार, उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर की परंपरा के अनुरूप ही यहां भी भस्म आरती का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व माना जाता है, जिसे देखने दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर समिति ने सभी शिवभक्तों से अपील की है कि दर्शन एवं आरती के दौरान शांति, अनुशासन और धार्मिक मर्यादा बनाए रखें, समय पर पहुंचें तथा प्रशासन व मंदिर व्यवस्था में सहयोग कर आयोजन को सफल बनाएं।

# मातृ-पितृ पूजन दिवस पर 151 बुजुर्गों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- पार्षद आलोक की पहल पर वार्ड में लाईसेंस व श्रम कार्ड शिविर का आयोजन

मोहारा वार्ड पार्षद व एमआईसी मेम्बर आलोक श्रोती की पहल पर वार्ड में मातृ-पितृ पूजन के खास मौके पर वार्ड के उम्रदराज बुजुर्गों का जहां सम्मान किया गया। वहीं युवाओं के लिए लर्निंग लाईसेंस व श्रमिकों के लिए श्रम कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। बुजुर्गों के सम्मान समारोह में वार्ड नं. 47 के पार्षद श्री श्रोती ने बुजुर्गों का शाल-श्रीफल से सम्मानित कर मुंह मीठा कराया।

वार्ड पार्षद श्री श्रोती ने बताया कि बुजुर्गों के सम्मान समारोह कार्यक्रम के लिए वार्ड के 151 बुजुर्गों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के समय नवरतन नवदुर्गा जस भजन मंडली के सदस्यों द्वारा रामायण का पाठ किया गया। कार्यक्रम में बुजुर्गों के सम्मान समारोह के साथ लर्निंग लाइसेंस शिविर एवं श्रम विभाग का भी शिविर लगया गया था। जिसमें युवक-युवतियों एवं ई-रिक्शा चालकों के कुल 58 लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। साथ ही श्रम विभाग के शिविर में 42 श्रमिकों ने अपना श्रमिक कार्ड बनवाया। सम्मान समारोह एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर का शुभारंभ के मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, वरिष्ठ पत्रकारद्वय मिथलेश देवांगन, प्रदीप मेश्राम व संदीप साहू शामिल हुए। प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि ने अपने उद्बोधन में बुजुर्गों के सम्मान समारोह कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मातृ-पितृ पूजन दिवस भारतीय संस्कृति के अनुरूप है। ऐसे आयोजनों से बुजुर्गों के प्रति सम्मान का भाव गहरा होता है। अग्रहरि ने कहा कि ऐसे आयोजन सिलसिलेवार होने चाहिए।



#### समापन अवसर पर शामिल हुए जिलाध्यक्ष

सम्मान समारोह के समापन अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुरूप बुजुर्गों के सम्मान को बनाए रखने एवं हमेशा अपने माता-पिता की सेवा करने उपस्थित जनों को प्रेरित किया। उन्होंने पार्षद आलोक द्वारा किए गए आयोजन को एक अनुकरणीय पहल बताया। इस अवसर पर देवशरण सेन, तरुण लहरवानी, वर्षा शरद सिन्हा, राजा मखीजा,गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया, प्रशांत कोड़ापे, बलवंत साहू, अशोकदित्य श्रीवास्तव, रवि सिन्हा, जैनम बैद, शेखर लश्करे, शेखर यादव, सतीश साहू, अरुण साहू, विजय राय, प्रखर श्रीवास्तव, राजेश यादव के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

# बैठक में बनी रणनीति, राजगामी संपदा में वैष्णव समाज को मिले प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दास राजाओं के द्वारा बसाए गए इस शहर में रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास में वैष्णव समाज को प्रतिनिधित्व देने लंबे समय से समाज के लोगों के द्वारा मांग की जा रही है। लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने अब तक वैष्णव समाज को राजगामी संपदा न्यास में प्रतिनिधित्व का मौका नहीं दिया है । वहीं वर्तमान में भी राजगामी संपदा की जिम्मेदारी अन्य समाज के व्यक्ति को दिए जाने की चर्चा के बीच आज वैष्णव समाज के प्रदेश पदाधिकारियों ने एक बैठक करते हुए राजगामी संपदा की जिम्मेदारी वैष्णव समाज को देने मांग की ।

शहर के बलदेवबाग क्षेत्र स्थित वैष्णव राजा महंत बलराम दास सामाजिक मंगल भवन में वैष्णव महासभा की बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक में वैष्णव समाज के विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के आयोजन को लेकर पूरनदास वैष्णव, शिवकुमार वैष्णव साहित समाज के अन्य प्रमुख पदाधिकारियों ने कहा कि राजगामी संपदा का दायित्व वैष्णव समाज को दिया जाए। उन्होंने कहा कि हम शासन - प्रशासन से कई बार इस संबंध में मांग कर चुके हैं। लेकिन समाज को नजर अंदाज किया जा रहा है।



#### समाज के अस्तित्व की लड़ाई

वैष्णव समाज के भवन में आयोजित हुई बैठक में असंतोष व्यक्त किया गया। इस दौरान आमराय बनाई गई। बैठक में कहा गया कि यदि किसी भी परिस्थिति में समाज को प्रतिनिधित्व नहीं दी जाती है तो सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में निवासरत वैष्णव इस बात को अपने अस्तित्व की लड़ाई मानकर आने वाले समय में किसी भी चुनाव में अपने अन्तर आत्मा से इस कृत्य का जवाब देने तैयार रहेगा। यदि समाज से अध्यक्ष नहीं बनाया गया तो आने वाले सभी चुनाव में प्रदेशभर के वैष्णव समाज के लोग सोचु समझ कर सरकार बनाएंगे।

#### विस अध्यक्ष को सौंपेगे ज्ञापन

राजगामी संपदा न्यास को लेकर आहुत हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह, सांसद और महापौर के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा ट्रस्ट के अध्यक्ष पद पर वैष्णव समाज को प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाए। इस बैठक में शिव कुमार वैष्णव, देवकुमार निर्वाणी, पूरन दास वैष्णव, कृष्ण कुमार वैष्णव,संतोष वैष्णव संदीप वैष्णव ,महेंद्र वैष्णव, अनूप दास वैष्णव , इंद्रकुमार वैष्णव, कमल वैष्णव, चंद्रशेखर वैष्णव, जागेश्वर दास वैष्णव, प्रदुमन दास वैष्णव, गजानंद दास वैष्णव, श्रवण दास, गंगा दास वैष्णव, सुरेंद्र वैष्णव, आकाश दास, विश्वास दास तजेंद्र वैष्णव , पूरन दास वैष्णव, मनोज निर्वाणी, संतोष वैष्णव, राजू वैष्णव, दिग्विजय वैष्णव, मेघदास वैष्णव, गुलाब दास वैष्णव, मुरलीशरण वैष्णव, कमलेश वैष्णव, बलदाऊ दास वैष्णव, राकेश वैष्णव, भावेश वैष्णव, जितेंद्र बैरागी,ऋषभ वैष्णव, ओंकार दास वैष्णव, मुकेश दास, राजेश वैष्णव,ऋषि दास, रमाकांत वैष्णव, भागवत दास, ईश्वर दास सहित प्रदेशभर में लोग उपस्थित थे।

### आयुष पॉलीक्लिनिक को मिला प्रथम पुरस्कार

**राजनांदगांव।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनस्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए आयुष पॉलीक्लिनिक को प्रथम पुरस्कार एवं औषधालय श्रेणी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव डॉ. शिल्पा मिश्रा, पाली क्लीनिक की टीम में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. प्रज्ञा सक्सेना, होम्योपैथी चिकित्साधिकारी डॉ. हर्षा बरैया, यूनानी चिकित्साधिकारी डॉ. रूबीना अंसारी, योग चिकित्सक डॉ. भारती यादव एवं स्टॉफ नर्सिंग सिस्टर हेमलता बड़ा, फार्मासिस्ट अनुसुइया साहू, फार्मासिस्ट कीर्ति व्ही. हरि, औषधालय सेवक फुलेश निर्मलकर, दामिनी, बीना, रोहन एवं शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी की टीम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिरूद्ध पटेल, आयुर्वेद फार्मासिस्ट देवदास साहू, शंकरलाल कंवर को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुनील दास, डॉ. संजय शुक्ला, डॉ. किरण तिग्गा, डॉ. अरविंद मरावी, डॉ. पीके जोशी, डॉ. सोनकर, डॉ. गजेंद्र बघेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मितानिनों का सेवा समर्पण काम अतुलनीयः किरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति मितानिन कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय स्वस्थ पंचायत सम्मेलन का आयोजन ग्राम सिंघोला के स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव व अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य देव कुमार साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर शामिल हुई। उत्कृष्ट कार्य करने वाली मितानिनों एवं सहायिका को सम्मानित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि मितानिनों का कार्य समाज में सेवा, समर्पण अतुलनीय एवं सराहनीय है, जो स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक देती है। इस अवसर पर मितानिन कार्यक्रम के सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में शिशु एवं मातृ-मृत्यु दर में कमी लाने कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत की दिशा में कार्य करने का निर्देश मितानिनों को दिया गया है, हाई रिस्क गर्भवती माता की जांच निर्धारित समय पर करने हेतु उनका पंजीयन शत-प्रतिशत अनिवार्य रूप से करने कहा गया है। उन्होंने कहा कि पालक चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सक्रिय महिला, किशोरी बालिका एवं मातृशक्ति एवं महिला जनप्रतिनिधि के माध्यम से कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत बनाने कार्य किया जा रहा है। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति का सशक्तिकरण करना एवं जिले के स्वास्थ्य कार्यक्रमों में प्रगति लाकर शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करना तथा कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत निर्माण करने एवं संवाद जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया गया।

### आवासीय परिसरों में सोलर पैनल लगाने का प्रशासन ने किया आह्वान

# अतिरिक्त उत्पादन से बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के अंतर्गत चेंबर ऑफ कॉमर्स, समाजसेवी, व्यापारी संघ, बिल्डर्स, कॉलोनाइजर्स और कॉलोनियों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव शामिल हुए। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में प्रजेंटेशन और वीडियो के माध्यम से जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि नागरिकों को बिजली बिल से निजात दिलाने शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से घर की छत पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि नेट मीटर के माध्यम से हितग्राही को सोलर प्लांट से प्राप्त बिजली तथा विद्युत विभाग के स्मार्ट मीटर के माध्यम से ऊर्जा के उपयोग के संबंध में सही जानकारी मिलेगी। जिससे बिजली के बिल में कमी होने के साथ ही बिजली की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि बिजली की बचत होने तथा निःशुल्क बिजली मिलने पर इसका दूरगामी प्रभाव पड़ेगा।

कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत पंजीयन तथा वेंडर सलेक्शन स्वयं कर सकते हैं। आवासीय परिसर में रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर उपभोक्ताओं को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है एवं आवेदक स्वयं वेंडर का चयन कर सकते हैं। रूफटॉप सोलर प्लांट का ग्रिड से संयोजन नेट मिटरिंग के माध्यम से बिजली के उपयोग के संबंध में जानकारी ले सकते हैं। इससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो रही है। इस योजना के तहत हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिल रही है और बिजली का ज्यादा उत्पादन होने से उसे बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित भी कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद सहित कॉलोनियों के प्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यापारी संघ आदि उपस्थित थे।




#### केंद्र और राज्य सरकार दे रही सब्सिडी

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि प्राकृतिक ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करने शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना लाई गई है। जिससे विद्युत का उपयोग कर अतिरिक्त बिजली का उत्पादन कर विक्रय कर सकते हैं। जिससे अच्छा मुनाफा प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ सभी को लेना चाहिए। सोलर पैनल से प्रदूषण संरक्षण और आर्थिक संपन्नता है। इससे किसी प्रकार का नुकसान नहीं है।



## खबर संक्षेप

### वार्षिकोत्सव में नन्हें विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा रंगारंग आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला टिकरीपारा में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास व उमंग और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। जिसमें नन्हें विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित पालकों एवं ग्रामीणजनों का मन मोह लिया। पूरे विद्यालय परिषर में उत्सव जैसा वातावरण रहा और तालियों की गड़गड़ाहट से कार्यक्रम स्थल गूंजता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती वंदना के साथ किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार ध्रुर्वे ने की मुख्य अतिथि चंद्रकुमार धावलकर शिक्षक तथा विशिष्ट अतिथि अजमत कुरैशी एवं उमाशंकर साहू उपस्थित थें। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने नाटक, समूह नृत्य, देशभक्ति गीत, कविता पाठ, लोकनृत्य, लोकगीत एवं योगाभ्यास की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति एवं लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। योग प्रदर्शन ने बच्चों के आत्मविश्वास एवं अनुशासन का परिचय दिया। संस्था प्रमुख द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में शिक्षिका तबस्सुम बेगम सहित माता-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी ने आयोजन को ज्ञानवर्धक एवं रोचक आयाम प्रदान किया। प्रधान पाठिका आरती पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृति हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है। शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों एवं खेल-योग में सहभागिता से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी प्रतिभा निखरती है। इस दौरान सीएमसी अध्यक्ष बीरबल पटेल, उपसरपंच ऋतुराज चंद्रवंशी, पंच हीराराम पटेल, राम पटेल, कुमार पटेल, आनंद पटेल, सरजू पटेल, बालाराम निषाद, बनऊं पटेल, नोहर, बलदेव सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

### हाई स्कूल बरबसपुर में विदाई समारोह आयोजित



**हरिभूमि बरबसपुर।** शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था प्राचार्य रामशरण साहू द्वारा मां सरस्वती की तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कक्षा नवमी के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई, जूनियर छात्राओं द्वारा कक्षा दसवी के विद्यार्थियों को मजेदार खेल सिखाया गया। वहीं प्राचार्य विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की हाई स्कूल के बाद विषय चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण काम होता है, अपनी रुचि अनुरूप विषय का चुनाव करना चाहिए, पुस्तक सबसे अच्छा मित्र होता है। इसलिए निरंतर पुस्तक पढ़ना चाहिए, पढ़ाई केवल नौकरी के लिए नहीं होना चाहिए हमे अपने जीवन में एक अच्छा इंसान बनना चाहिए, ताकि एक अच्छे समाज, देश का निर्माण कर सके पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। जिससे व्यक्तित्व का विकास होता है हमे अपने आप पर पूर्ण विश्वास करना चाहिए और जीवन में पूर्ण अनुशासित रह कर आगे का कार्य करना चाहिए। इस कार्यक्रम में लक्ष्मण मिरी, सीमा वर्मा, वर्षा सोनी, कामना श्रीवास्तव, योगेश चौरिया, अनुराग जायसवाल व अजय श्रीवास्तव सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### छत्तीसगढ़ महतारी, हनुमान चालीसा पाठ की पुस्तिका तथा श्रीफल व शाल भेंटकर सम्मानित किया



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम नानापुरी निवासी समाज सेवक उमेश चंद्राकर द्वारा अपने स्वर्गीय दादा-दादी की पुण्य स्मृति में आयोजित धार्मिक यज्ञ अनुष्ठान में श्रद्धा, सम्मान और संस्कारों का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर उमेश चंद्राकर ने सम्मानित शिक्षकों, बुजुर्गो, महिलाओं एवं पुरुषों को छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र, हनुमान चालीसा पाठ की पुस्तिका तथा श्रीफल व शाल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने इसे भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का सजीव उदाहरण बताया। धार्मिक यज्ञ में श्रद्धा अनुसार दान प्रदान करते हुए श्री चंद्राकर ने अपने ग्राम से आए वरिष्ठजनों से आर्शीवाद प्राप्त किया। यज्ञ स्थल पर भक्तों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी एवं ग्राम देवी-देवताओं का माल्यार्पण कर विधिवत पूजा-अर्चना एवं जयकारा लगाया गया। इस अवसर पर उपस्थित बुजुर्गो एवं वरिष्ठजनों ने उमेश चंद्राकर को आर्शीवाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य और निरंतर उन्नति की कामना की। कार्यक्रम में पूरे ग्रामवासियों की सहभागिता रही और वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## ग्राम कामठी में दिखा आस्था, संस्कृति और जनकल्याण का दिव्य संगम

# भावना बोहरा व श्रद्धालुओं ने किया 151 शिवलिंग में सामूहिक रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर

वनांचल ग्राम कामठी में शिवभक्ति की अनूठी झलक सहित विधायक श्रीमती भावना बोहरा के साथ सैकड़ों भक्तों ने 151 शिवलिंग में किया सामूहिक रुद्राभिषेक किया। महाशिवरात्रि के अवसर पर पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम कामठी में शिवभक्ति की अनूठी झलक देखने को मिली। उत्साह और उमंग के साथ 700 से अधिक विवाहित जोड़ों और श्रद्धालुओं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा आयोजित 151 पार्थिव शिवलिंग में सामूहिक रूप से पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक कर हर-हर महादेव का जयघोष किया। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने आयोजन में पधारे सभी श्रद्धालुओं और पंडरिया विधानसभा वासियों को आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त कर महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस भव्य आयोजन में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी तथा ग्राम नेऊर और दमगढ़ के उन आदिवासी परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे जिन्होंने विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से अपने मूल धर्म में घर वापसी की थी।

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का यह आयोजन हमारी धार्मिक संस्कृति और परंपरा का एक प्रतीक है। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से एक साथ भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर छत्तीसगढ़ एवं पंडरिया विधानसभा की सुख-समृद्धि और जन कल्याण की कामना की। पंडरिया विधानसभा सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक समरसता की समृद्ध परंपराओं के लिए जानी जाती है। यहां के जन-जीवन में सनातन मूल्यों की गहरी आस्था है। यह हम सभी का दायित्व है कि हम अपनी संस्कृति और आस्था की इस अमूल्य धरोहर को सहेजें और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। यह आयोजन क्षेत्र की धार्मिक चेतना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता को भी सशक्त करेगा। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण रहा, बल्कि क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और विकास के लिए एक सकारात्मक संकल्प का प्रतीक भी बना। इस आयोजन ने समाज के सभी वर्गों युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और ग्रामीण नागरिकों को एक मंच पर एकत्रित कर सामाजिक एकता और सामूहिक चेतना को मजबूत किया। वहीं इस दौरान 10,000 भक्तों के लिए भंडारा एवं महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया, जिसमें विधायक भावना बोहरा ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के भजन गायक अनुराग शर्मा द्वारा भजन की भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में भगवान भोलेनाथ के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।





### क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और विकास के लिए समर्पित

भावना बोहरा ने कहा कि इस अवसर पर क्षेत्र के विकास, जनकल्याण और समृद्धि के लिए प्रार्थना भी की गई, जिससे यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित न रहकर जनहित और क्षेत्र की प्रगति का संकल्प भी बन गया, जिसने समृद्ध पंडरिया बनाने के हमारे संकल्प को एक नई उर्जा और दिशा भी दी है। भगवान शिव सृष्टि के कल्याणकर्ता हैं। आज 151 शिवलिंगों में सामूहिक रुद्राभिषेक का यह आयोजन हमारे क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और विकास के लिए समर्पित है। हमारी सदैव यह भावना रही है कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र आध्यात्मिक रूप से समृद्ध, सामाजिक रूप से सशक्त और विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर रहे। छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं और सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, नैतिक मूल्यों और जनकल्याण की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। पंडरिया विधानसभा की समस्त जनता और इस पुण्य आयोजन में सहभागी सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता और धन्यवाद व्यक्त करती हूँ और आश्वस्त करती हूँ कि आगे भी पंडरिया विधानसभा की प्रगति, जनता की सेवा हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन एवं सनातन संस्कृति के प्रसार व नव चेतना के लिए हम निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

## कोलेगांव में भक्तिमय वातावरण, महाशिवरात्रि पर गूंजा हर-हर महादेव

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। गांव के शिवालयों एवं घर-घर में भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। वहीं मंदिर देवालयो में सुबह से ही मंदिरों में महिलाओं, पुरुषों एवं छोटे-छोटे बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद स्वरूप पूड़ी-खीर की व्यवस्था की गई, जिसे भक्तों में वितरित किया गया। साथ ही साथ मानस मंडली द्वारा भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। विशेष आकर्षण रहा भगवान शिव एवं माता पार्वती का पारंपरिक विवाह समारोह, जिसे पुराने रीति-रिवाजों के अनुसार चूलमाटी, तेल-हरदाही एवं बारात की विधियों के साथ संपन्न कराया गया। ग्रामीणों को भूतभावन भोलेनाथ की बारात में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रद्धालुओं ने महादेव-पार्वती का पूजन कर अपने घर-परिवार के मंगलमय भविष्य की कामना की। पूरे क्षेत्र में भक्ति, आस्था और उत्साह का वातावरण बना रहा।

### जिले में पहुंचे रेगिस्तान का जहाजः ऊंट



**हरिभूमि बरबरसपुर।** ग्रामीण अंचलों में इस समय रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले ऊंट अब ग्रामीण अंचलों के गांव और सड़क पर पैदल चलते हुए दिखाई देने लगे हैं, जिसे देखकर लोग और राहगीरों आकर्षित हो रहे हैं ये नजारा नेशनल मार्ग सड़क हरिनछपरा, राम्हेपुर कला जाने वाले मार्ग पर आवागमन करते समय देखा गया है, जो रेगिस्तान का जहाज कहा जाता है जिसे राजस्थान में रेगिस्तान का जहाज के नाम से ऊंट को पुकारा जाता है रेगिस्तान के निवासी ने ऊंट के कुबड़ पर पीठ पर ऊपर रेगिस्तान लोगों के खाने-पीने एवं पूरे परिवार के सामग्री ऊंट के कुबड़ पर लदी हुई और चल रहे थे। जिसे देखने के लिए लोगों को अपने तरफ आकर्षित कर रहे थे।

## दिव्य श्री रामकथा में उत्कृष्ट सेवा देने वालो को आयोजक समिति ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा के तत्वाधान में एवं स्कूल के संचालक पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कुण्डा सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा एवं उनके परिवार द्वारा धर्म नगरीय कुण्डा में धर्म का अलख जगाने 7 से 13 फरवरी तक सात दिवसीय संगीतमय दिव्य श्री रामकथा का भव्य आयोजन कुण्डा के हृदय स्थल यज्ञ मण्डप के सामने एवं हरिमंदिर के समीप आयोजित किया गया, जिसमें देश के प्रख्यात कथा वाचक को आमंत्रित किया गया था। जिसमें प्रमुख रूप से जगत गुरु उपाधि से अलंकृत काशी बनारस से जौनपुर उत्तर प्रदेश से पण्डित चंद्रप्रकाश विद्यार्थी चित्रकूट सतना मध्यप्रदेश से मानस मणी राष्ट्रीय प्रवक्ता जानकी कुंड भैंसों जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ से छत्तीसगढ़ भाषाकार कथा कथाकार पण्डित राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने अपने मधुर मुखारविंद से श्रोताओं को श्री रामकथा का रसपान कराया। वही इस सात दिनों के धार्मिक कार्यक्रम में साफ-सफाई से लेकर मण्डप फूल-मालाओं, खाद्य-पदार्थ संत एवं वक्ताओं को विश्राम स्थल से मानस मंच तक लाने ले जाने एवं स्वल्पाहार व प्रसादी वितरण का तन-मन से सेवा कार्य किए उन लोगों को आयोजक समिति सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा एवं संयोजक पूर्व सरपंच सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा द्वारा कथा के मध्य मानस मंच पर पुष्पहार पहना कर एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसमें लक्ष्मण चंद्राकर, उपसरपंच मुमताज अहमद, बाबूलाल रजक, सूरज यादव, हरचरण सिंह खनूजा, अमन सिंह खनूजा, रमन सिंह खनूजा, रोमी खनूजा, विनोद रजक, श्रीलाल साहू, रवि मानिकपुरी, यासीन खान, मोनू पाण्डेय, मुकेश यादव, नाथु यादव, घूरन यादव, भीखम साहू, रामप्रसाद चंद्राकर, भागवत साहू, पंच दुष्यंत चंद्राकर, प्रमोद चंद्राकर सहित समस्त प्रभात फेरी मण्डली को सम्मानित किया गया।

### मातृ-पितृ भक्ति से गुंजायमान, भव्य जिला स्तरीय पूजन समारोह सम्पन्न



**हरिभूमि सहसपुर लोहारा।** 14 फरवरी मातृ-पितृ पूजन दिवस के पावन अवसर पर सहसपुर लोहारा के ग्राम जामगांव सहित पूरे कवर्धा जिले के सैकड़ों स्थानों पर मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। वहीं जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माता-पिता, युवा एवं बाल-संस्कार के बच्चे उपस्थित थे। यह प्रेरणादायी अभियान संत आसाराम बापू की पावन प्रेरणा से पूरे विश्व में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों एवं माता-पिता के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं गुरुवंदना से हुआ। तत्पश्चात बच्चों एवं युवाओं ने अपने माता-पिता का विधिवत पूजन कर तिलक, पुष्प एवं आरती के माध्यम से कृतज्ञता व्यक्त की। पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा एवं भारतीय संस्कृति की अनुपम छटा से ओतप्रोत रहा। वक्ताओं ने कहा कि माता-पिता का सम्मान ही जीवन की सच्ची सफलता और संस्कारों की आधारशिला है। ऐसे आयोजन समाज में पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में बाल-संस्कार के बच्चों द्वारा प्रस्तुत भजन, गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय समिति, युवा संगठन एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा। पूरे आयोजन में अनुशासन, श्रद्धा एवं भारतीय संस्कारों की सुंदर झलक देखने को मिली। अंत में उपस्थितजनों ने संकल्प लिया कि वे अपने माता-पिता की सेवा, सम्मान एवं आज्ञापालन को जीवन का प्रथम कर्तव्य मानेंगे तथा इस पावन संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम की प्रेरणादायी झलकियों ने पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया। यह आयोजन भारतीय संस्कृति एवं पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ।

## पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के लेथपोरा में हुए भीषण आतंकी हमले को आज सात वर्ष पूरे हो गए। इस दिन सीआरपीएफ के 78 वाहनों का काफिला, जिसमें लगभग 2500 से अधिक जवान और अधिकारी सवार थे, जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रहा था। तभी विस्फोटकों से भरी एक कार ने काफिले को टक्कर मार दी। इस कायराना आत्मघाती हमले में देश के 40 वीर जवान शहीद हो गए थे। इस हमले के जवाब में भारत ने 26 फरवरी 2019 की सुबह लगभग 3:30 बजे पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस कार्यवाही ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत अपने सैनिकों की शहादत का सम्मान करता है और किसी भी खतरे का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। कबीरधाम में श्रद्धांजलि कार्यक्रम पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर पूर्व सैनिक कल्याण संघ कबीरधाम के पूर्व सैनिकों ने सिग्नल चौक स्थित अमर जवान शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर 101 दीप प्रज्वलित किए गए और दो मिनट का मौन रखकर वीर जवानों को नमन किया गया।

## अभ्युदय स्कूल में एक दिवसीय रोचक एवं प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन

# मानसिक स्वास्थ्य व तनाव प्रबंधन पर प्रभावशाली प्रशिक्षण आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विगत दिनों अभ्युदय स्कूल में शनिवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के तत्वाधान में एक दिवसीय रोचक एवं प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीबीएसई द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ जीवीडी कृष्णा मूर्ति, अंबुजा विद्यापीठ बलौदा बाजार एवं श्रीमती अनिता छेत्री राठी, कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर भिलाई के कुशल मार्गदर्शन में यह कार्यशाला अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं तिलक अर्पण के साथ किया, जिससे समूचा वातावरण ज्ञान, शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा से अनुप्राणित हो उठा। कार्यशाला के दौरान मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव के विभिन्न आयामों पर सूक्ष्म एवं विश्लेषणात्मक दृष्टि डाली गई। प्रशिक्षण सत्र में तनाव प्रबंधन की प्रभावी तकनीकें, सकारात्मक चिंतन, आत्म-देखभाल, समय प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन, स्वानुशासन, योग एवं ध्यान की उपयोगिता जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। चिंता, अवसाद, भय, ओवर थिंकिंग जैसे समकालीन ज्वलंत विषयों को वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक आधार पर परिभाषित करते हुए उनके समाधान के व्यावहारिक उपाय प्रस्तुत किए गए। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि संतुलित मानसिक अवस्था न केवल बौद्धिक क्षमता को सुदृढ़ करती है, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य, कार्यक्षमता एवं निर्णय क्षमता को भी प्रभावी बनाती है। विशेषज्ञों ने बताया कि स्वानुशासन, सकारात्मक चिंतन, समय प्रबंधन, नियमित योग एवं ध्यान जैसी गतिविधियां मानसिक दृढ़ता को विकसित करती हैं, जिससे व्यक्ति तनाव को ऊर्जा में रूपांतरित कर सकता है। उन्होंने यह भी प्रतिपादित किया कि सशक्त मानसिक क्षमता ही शारीरिक स्फूर्ति, कार्यनिष्ठा और दीर्घकालिक सफलता का आधार है। इस कार्यशाला में मेजबान विद्यालय के साथ नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में गुरुकुल पब्लिक स्कूल, होली किंग्डम पब्लिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रतिभागियों की भाव-भंगिमा एवं उत्साह यह दर्शा रहे थे कि वे विषय की गहनता को आत्मसात कर उसे अपने शैक्षणिक जीवन में लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ मन ही उज्जवल भविष्य की आधारशिला है। शिक्षा केवल अकादमिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं, बल्कि मानसिक एवं भावनात्मक सशक्तिकरण के माध्यम से ही विद्यार्थियों का वास्तविक विकास संभव है। उन्होंने संतुलित जीवनशैली अपनाने, संयम एवं सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की प्रेरणा दी। विद्यालय के एकेडमिक हेड श्रीमती व्ही शोभा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता ही शैक्षणिक उत्कृष्टता का आधार है। जब मन सशक्त होता है, तभी व्यक्तित्व का समग्र विकास संभव होता है। संयम ही तनाव रूपी संकट का ब्रह्मास्त्र है। समापन अवसर पर प्राचार्य एवं एकेडमिक हेड द्वारा दोनों रिसोर्स पर्सन को स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप

### बेरोजगारों के लिए कैम्प का आयोजन 18 से

**कवर्धा।** जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते हैं। उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय परिसर में 18 व 19 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 18 जनवरी को चौहान आटोमोबाईल एलएलपीए मारूती सुजुकी एरेना ब्रांच कवर्धा द्वारा पद सर्विस एडवाईजर 4 व टेक्निकल एडवाईजर के 2 पद, टेक्निशियन के 2 पद, सेल्स एक्जीक्यूटिव के 3 पद पर भर्ती होगा।

### जिले में नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को

**कवर्धा।** जिले में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत लगेगी। लोक अदालत विवाद निवारण के वैकल्पिक तंत्र में से एक है। यह एक ऐसा मंच है, जहां न्यायालयों में लंबित या मुकदमे से पूर्व चरण में मौजूद विवादों, मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा होता है।

### योजना ने कन्हारी में बदली पेयजल की तस्वीर

**कवर्धा।** बीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के दूरस्थ वनांचल और बैगा जनजाति बहुल ग्राम कन्हारी में जल जीवन मिशन के तहत चल रही हर घर जल योजना से ग्रामीणों का जीवन काफी आसान हो गया है। अब गांव के हर घर तक नल कनेक्शन के माध्यम से साफ और पर्याप्त पानी मिल रहा है, जिससे कई सालों पुरानी पेयजल की समस्या दूर हो गई है। इससे लोगों के जीवन में सुविधा, सुरक्षा और सम्मान की भावना बढ़ी है। पहले गांव के लोगों, खासकर महिलाओं और बच्चों को पानी लाने के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था। वे कुएं, नाले और हैंडपंप पर निर्भर रहते थे, जिससे रोज कई घंटे मेहनत करनी पड़ती थी। इससे उनका समय और ऊर्जा दोनों खर्च होते थे और पढ़ाई, कामकाज और सेहत पर भी असर पड़ता था। अब हर घर में नल से पानी मिलने से यह परेशानी खत्म हो गई है।





### महाशिवरात्रि: भगवान भोलेनाथ की बारात में झूमें सैकड़ों शिवभक्त

# धर्मनगरी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर धूमधाम से रचाया गया गौरा-गौरी विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल द्वारा आयोजित भव्य महाकाल बारात एवं शिव-गौरी विवाह का दिव्य आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। नगर में चारों ओर भक्तिमय वातावरण रहा और हजारों श्रद्धालु इस अलौकिक आयोजन के साक्षी बने।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 2:30 बजे श्री बूढ़ामहादेव मंदिर में भगवान शिव के महाभिषेक के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से संपन्न पूजा-अर्चना के पश्चात भगवान श्री महाकाल की आकर्षक सजीव प्रतिमा को भव्य रथ पर विराजित कर बारात निकाली गई। ढोल-नगाड़ों, शंखध्वनि और भक्ति संगीत के बीच हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा।

महाकाल की बारात में देवी-देवताओं, अघोरियों, भूत-प्रेतों एवं शिवगणों की मनोहारी झांकियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई यह भव्य बारात माँ महामाया मंदिर के सामने भारत माता प्रतिमा प्रांगण पहुँची, जहाँ भगवान शिव और माता गौरी का विधिवत दिव्य विवाह संपन्न कराया गया।

विवाह समारोह को देखने और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। पूरा वातावरण भक्तिरस से ओत-प्रोत था। विवाह उपरांत भगवान श्री महाकाल की भस्म आरती की गई। दीपों की आभा, धूप-दीप की सुगंध और मंत्रोच्चार के मध्य सम्पन्न हुई आरती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया। आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महाशिवरात्रि के मौके पर कवर्धा के अलावा अंचल में भी विविध धार्मिक आयोजन कि गए।



#### सांस्कृतिक कार्यक्रम व झांकियां रही आकर्षण का केन्द्र

इस वर्ष के आयोजन की विशेष झलक हरियाणा के सिरसा से आए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्री काल भैरव की अद्भुत झांकी रही। भव्य वेशभूषा और जीवंत अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन समिति के अनुसार यह प्रस्तुति देश में पहली बार प्रदर्शित की गई। श्री काल भैरव के नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। इसके अतिरिक्त भगवान नरसिंह एवं बाहुबली हनुमान की विशाल और आकर्षक झांकियाँ भी बारात में शामिल रहीं, जो शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का विषय बनीं। युवाओं और बच्चों में इन झांकियों को लेकर खास उत्साह देखा गया।

#### 51 किलो के विशाल लड्डू का महाभोग अर्पित

शिव-गौरी विवाह के पावन अवसर पर भगवान शिव एवं माता पार्वती को 51 किलो के विशाल लड्डू का महाभोग अर्पित किया गया। पूजा-अर्चना के पश्चात यह प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की भव्यता की सराहना की। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी समां बांधा। कवर्धा के युवा कलाकार सोनू निर्मलकर द्वारा प्रसिद्ध फिल्म पुष्पाः द राइज के एक गीत पर माँ काली को समर्पित विशेष मंचन प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। धार्मिक आयोजन में सांस्कृतिक समन्वय का यह स्वरूप लोगों को विशेष रूप से आकर्षित करता रहा। आयोजन के छठे वर्ष में इस पूरे कार्यक्रम को पर्यावरण संरक्षण की भावना को समर्पित किया गया।

#### धार्मिक आयोजन में पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

महाशिवरात्रि का यह पर्व त्याग, तप, संयम और प्रकृति के साथ सामंजस्य का संदेश देता है। भगवान शिव की शिक्षाएं वर्तमान समय में समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं। कवर्धा में सम्पन्न यह भव्य आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक समन्वय और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देकर गया।श्रद्धालुओं ने आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कामना की कि आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार श्रद्धा और भव्यता के साथ महाकाल की बारात निकलती रहे और धर्मनगरी कवर्धा में आध्यात्मिक चेतना का यह प्रवाह निरंतर बना रहे।

# नहीं सुनाई देती पारंपरिक लोक-गीतों पर नगाड़े की थाप

### बच्चे परीक्षा की तैयारियों में तो किसान खेती किसानी में व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



बसंत में रंगो के मुख्य त्यौहार होली को अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। इस वर्ष होलिका दहन 3 मार्च को और धुरेड़ी 4 मार्च को होगी। ऐसे में अब होली को महज कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। लेकिन जहां तक अंचल में इस बार होली की उमंग की बात की जाए तो वह कहीं दिखाई नहीं दे रही है। हां बसंत पंचमी के रोज नगर सहित जिले के ग्रामीण अंचलों में कुछ बच्चों और युवाओं ने होली का दांड़ जरूर गाड़ दिया है लेकिन जहां तक बसंत के प्रारंभ से लेकर होली तक सुनाई देने वाली नगाड़ो की थाप और फाग इस बार नहीं सुनाई दे रही है। जानकारों की माने तो आधुनिकता की चकाचौंध में साल दर साल तमाम तीज त्यौहार धीरे-धीरे गुम होते चले जा रहे हैं। जबकि कुछ वर्षो पूर्व तक होली पर्व के एक माह पहले ही नगाड़े बजना शुरू हो जाते थे। गांवों में तो बकायादा रात में चौपाल लगाकर लोग देररात तक नगाड़ों की थाप पर फाग गीतों का आनंद उठाया करते थे। लेकिन अब इस तरह के नजारे न तो शहरों में देखने को मिलते हैं और न ही ग्रामीण अंचलों में। यहां तक इस बार अभी तक कवर्धा के बार में नगाड़ों की दुकाने तक नहीं सजी है। कुल मिलाकर देखा जाए तो इस बार अंचल में होली का उत्साह फीका नजर आ रहा है।

#### परीक्षा की तैयारियों में जुटे विद्यार्थी

माना जा रहा है कि इस बार होली पर्व के ठीक पहले प्रारंभ होने वाली कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परिक्षाएं भी होली के रंग में भंग डाल रही है। इस समय ज्यादातर विद्यार्थी इन्हीं बोर्ड परिक्षाओं की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक इस बार जहां होली 3 और 4 मार्च को है वहीं दसवीं बोर्ड की परीक्षा फरवरी माह की 21 और कक्षा 12 वीं की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होनी वाली हैं। जिसके चलते लोगों द्वारा भी बच्चों की पढ़ाई लिखाई को ध्यान में रखते हुए शोरगुल से गुरेज किया जा रहा है। दूसरी तरह ग्रामीण भी इस समय खेती किसानी के काम में व्यस्त नजर आ रहे है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है होली पर्व के और नजदीक आने पर हो सकता है कि कुछ दिनो के लिए नगाड़ो की थाप और फाग गीत सुनाई देने लगे।

# हाई स्कूल कोयलारी में सांस्कृतिक व विदाई कार्यक्रम समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल कोयलारी में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को कक्षा 9 वीं के विद्यार्थियों के द्वारा विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही छात्र छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाला विकास समिति के अध्यक्ष जीवन लाल साहू व प्रभारी प्राचार्य सुनील कांसकार के द्वारा मां सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्जवलन कर किया गया। ततपश्चात छात्र छात्राओं द्वारा विविध कार्यक्रम की




प्रस्तुति दिया गया, जिसमें बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम व मनोरंजक गेम कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों से कराया गया। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने स्कूल में बिताएं पूरे दो वर्ष का यादगार अनुभव सांझा किया। साथ ही पूरे स्कूल सत्र 2025-26 में किए गए गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य के लिए 53 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता कीर्तन नायक, जनभागीदारी शिक्षिकाएं कुमेश्वरी, हेमलता, उमा, खिलेश, मनराख यादव व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।

# स्कूली बच्चों को कराया गया शैक्षिणक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रमुख प्राथमिक शाला सिग्नल चौक द्वारा रविवार को कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भोरमदेव मंदिर का दर्शन कराया गया तथा सरोधा डेम गार्डन का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को भोरमदेव मंदिर के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं स्थापत्य महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि भोरमदेव मंदिर को छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहा जाता है, जो अपनी उत्कृष्ट शिल्पकला और नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है। प्रधान पाठक सीडी भट्ट एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को स्थल की विशेषताओं पर सारगर्भित जानकारी दी गई, जिससे बच्चों को अपने क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूकता एवं गर्व की अनुभूति हुई। इस शैक्षणिक भ्रमण के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त स्टाफ, शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

#### धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती

**बोड़ला।** नगर पंचायत क्षेत्र में संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास महाराज की 649वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः पूजा एवं मंगल आरती से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष शामिल हुए और विधिवत पूजा-पाठ में भाग लिया। ग्राम रैतापारा से पधारे महाराज द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजन कराया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। दोपहर लगभग 3 बजे समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख वार्डों और मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस दौरान संत रविदास के जयकारों, भजन-कीर्तन और झांकी के साथ श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के आयोजन में समस्त अहिरवार समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मन चंगा तो कठौती में गंगा जैसे संत रविदास के अमर सूत्र वाक्य पर वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज में सद्भाव, समानता और एकजुटता का संदेश दिया। उपस्थित वक्ताओं ने समाज को संगठित होकर शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक प्रगति की दिशा में कार्य करने की अपील भी की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल शामिल हुए, जबकि अध्यक्षता उपाध्यक्ष लव निर्मलकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत के पार्षदगण आमंत्रित रहे। समाज की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष राजेश कुमार खरे, उपाध्यक्ष विकी एवं अशोक हटीले, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार खरे, सचिव महेंद्र लांझी, सह-सचिव संदीप लांझे सहित अजय कुमार खरे, पवन हठीले, राहुल बर्वे, बीरबल रामपुरी, रामकुमार लांजी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भोरमदेव, डोंगरिया, कामठी सहित महाशिवरात्रि में कई स्थानों पर लगा मेला

# अंचल के शिवालयों में सुबह से लेकर देररात तक लगा रहा शिव भक्तों का तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/पाण्डातराई

महाशिरात्रि का पर्व कवर्धा नगर सहित पूरे जिले मे श्रृद्धा भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिवालयों में कई अनुष्ठान भी किए गए। वहीं जिले के कई धार्मिक स्थलों में मेला का भी आयोजन किया गया। नगर के शिवालयों में महाशिवरात्रि के दिन सूर्योदय के पूर्व ही शिवभक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। स्थानीय सिद्घपीठ बूढ़ामहादेव मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति हजारों शिवभक्त दर्शन के लिए पहुंचे। महाशिवरात्रि के मौके पर अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने अधिकांश महिला, पुरूष तथा बच्चों ने मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलनाथ का दूध, घी, शहद, दही, बेलपत्र, गंगाजल से अभिषेक किया तथा नारियल, अगरबत्ती, फूल चढ़ाकर विधिवत पूजा अर्चना की। यह सिलसिला सूर्योदय के पूर्व से देररात तक चलता रहा।



सिद्धपीठ बुढ़ामहादेव मंदिर में लगातार शिवभक्तों के आने-जाने से मंदिर प्रांगण चलते फिरते मेला में परिवर्तित हो गया था। भारी-भीड़ भाड़ को देखते हुए मंदिर के बाहर कई दुकाने भी सजाई गई थी। जिसमें शिवभक्तों के लिए पूजन सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। ऐसा ही नजारा प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एवं शिवालय भोरमदेव में भी देखने को मिला। जहां महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सुबह से पहुंचने लगे थे। भोरमदेव में स्थानीय व बाहरी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के खासे इंतजाम किये थे। ज्ञातव्य हो कि महाशिवरात्रि के मौके पर भोरमदेव में प्रतिवर्ष भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यहां आसपास के ग्रामीण अंचलों सहित दूसरे जिलों से भी शिवभक्त पहुंचते है। महाशिवरात्रि के अवसर पर भोरमदेव के अलावा डोंगरिया, झिरना एवं जुनवानी, दशरंगपुर, कुण्डा, उड़ियाखुर्द के शिवालयों में भी मेले का आयोजन किया गया। जहां शिवभक्तों ने न सिर्फ भगवान शंकर की पूजा अर्चना की बल्कि जल कुण्डों में डुबकी भी लगाई। वहीं मंदिर समितियों द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शंकर का विशेष श्रृंगार कर रात्रि में विशेष पूजा अर्चना की गई। कुल मिलाकर महाशिरात्रि पर्व पर दिन ऊं नमः शिवाय की गूंज सुनाई देती रही।

# भलपहरी में त्रिदिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह प्रारंभ, श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

तहसील मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम भलपहरी में विश्व वंदनीय सद्गुरु कबीर साहेब जी की कृपा एवं पंथ परंपरा के आदेशानुसार त्रिदिवसीय सद्गुरु कबीर संत समागम समारोह का शुभारंभ शनिवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए दीपक माग्रे ने बताया कि प्रथम दिवस परम पूज्य गुरु गोस्वामी दिलीप दास साहब, पांडातराई द्वारा दीप प्रज्वलन कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया। दोपहर 3 बजे से गुरु महिमा पाठ एवं आशीर्वचन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कबीरपंथी श्रद्धालु शामिल हुए। उन्होंने बताया कि रविवार 15 फरवरी को परम पूजनीय गुरु माता साहिब सुलक्षणा देवी का ग्राम भलपहरी आगमन होगा। उनके सान्निध्य में भव्य शोभायात्रा, भजन-सत्संग तथा गुरु महिमा पाठ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तीसरे दिन 16 फरवरी को परम पूज्य गुरु गोस्वामी डॉ. भानु प्रताप साहब का आगमन प्रस्तावित है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भेद बंदगी, स्वास्तिक यज्ञ, चौका आरती सहित




विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे, जिनमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार समारोह में केडीव्हीएम के ग्रामीण, तहसील एवं जिला प्रतिनिधि, बोड़ला परिक्षेत्र के साधु-संत, आमीन माता, महिला मंडल, नवयुवक मंडल तथा बड़ी संख्या में नेमी-प्रेमी भक्तों का सहयोग मिल रहा है। समारोह को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है तथा श्रद्धालुओं में विशेष उमंग देखी जा रही है।